page 1_Layout 1 21-09-2026 21:05 Page 1

डेली आवाज़ भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज़ भारती

आवश्यकता

'डेली आवाज़ भारती'
को विभिन्न क्षेत्रों में
न्यूज़ रिपोर्टरों की
आवश्यकता
इच्छुक एवं अनुभवी
पत्रकार संपर्क करें।
मो. +91 98766 79246

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 22 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :150 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

इटली के स्कूलों में बुर्का-नकाब पर लगेगा बैन!

पीएम जॉर्जिया मेलोनी का बड़ा ऐलान

डेली आवाज भारती

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्कूलों में बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने की योजना का ऐलान किया है। मेलोनी ने पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि इस संबंध में प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। प्रस्ताव में स्कूलों में चेहरा पूरी तरह ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगाने की बात कही गई है। मेलोनी ने कक्षाओं में विदेशी छात्रों की संख्या सीमित करने और कुछ विदेशी छात्रों के माता-पिता के लिए इतालवी भाषा सीखना अनिवार्य करने की योजना भी बताई है। मेलोनी ने भाषा को स्कूल और समाज में एकीकरण से जोड़ते हुए यह प्रस्ताव रखा है। मेलोनी के प्रस्ताव के मुताबिक स्कूलों में बुर्का और नकाब पहनने पर रोक लगाई जाएगी। उनका कहना है कि स्कूल में छात्रों का चेहरा खुला होना चाहिए और किसी व्यक्ति पर परंपरा के नाम पर चेहरा ढकने का दबाव नहीं होना चाहिए। फिलहाल यह ध्यान रखना जरूरी है कि यह घोषणा प्रस्तावित नियमों को लेकर है। इसे कैबिनेट के सामने पेश किया जाना है और कानून बनने के लिए आगे की संवैधानिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी।



विदेशी छात्रों की संख्या भी होगी सीमित

इटली सरकार स्कूलों की कक्षाओं में विदेशी छात्रों की संख्या के लिए अधिकतम सीमा तय करने की भी तैयारी कर रही है। सरकार का तर्क है कि इससे विदेशी छात्रों को इतालवी शिक्षा व्यवस्था में बेहतर तरीके से शामिल करने में मदद मिलेगी। प्रस्तावित सीमा का सटीक आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। हालांकि, विदेशी छात्रों की अधिकतम संख्या कितनी होगी, यह अभी तय नहीं की गई है।

कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान हादसा, 2 भारतीय छात्रों की मौत

डेली आवाज भारती

कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान हुए एक दर्दनाक विमान हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। हादसे की पुष्टि वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने की है। मृतकों की पहचान तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरण तिरुग्नानसंबंधम के रूप में हुई है। दोनों छात्र कनाडा में कमर्शियल पायलट और एविएशन ट्रेनिंग कर रहे थे। बताया गया है कि ट्रेनिंग के दौरान उड़ान का अभ्यास करते समय विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में दोनों छात्रों की जान चली गई। वैंकूवर स्थित भारतीय दूतावास ने दोनों छात्रों की मौत पर गहरा दुख जताते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



छात्र के परिवारों में शोक की लहर

दूतावास ने कहा है कि पार्थिव शरीरों को भारत लाने की प्रक्रिया में परिवारों को हर संभव सहायता दी एगी ।फिलहाल स्थानीय अधिकारी हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं। हादसे की खबर के बाद दोनों छात्रों के परिवारों में शोक की लहर है।

1000 रुपए तक जा सकते हैं पेट्रोल दाम! पेट्रोलियम मंत्री का बड़ा बयान

- पेट्रोल की कीमत अब तक करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है
- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है

डेली आवाज भारती

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की सप्लाई को लेकर बनी चिंता के बीच पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने चेतावनी दी है कि अगर देश में पेट्रोल की कमी होती है तो इसकी कीमत बढ़कर 1000 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। फिलहाल पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत करीब 389.14 रुपए प्रति लीटर, जबकि डीजल 424.04 रुपए प्रति लीटर है। मंत्री के मुताबिक, पेट्रोल की कीमत अब तक करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने की आशंका से तेल की वैश्विक सप्लाई को लेकर भी चिंता बनी हुई है। पाकिस्तान जैसे तेल आयात पर निर्भर देश पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में और तेजी आती है या पाकिस्तान में पेट्रोल की उपलब्धता कम होती है, तो घरेलू बाजार में कीमतों पर और दबाव पड़ सकता है। पाकिस्तान सरकार ने छोटे वाहनों के लिए सब्सिडी योजना शुरू की है। मोटरसाइकिल, रिक्शा, चिंगची और 800 सीसी तक की कारों के लिए पेट्रोल पर 100 रुपए प्रति लीटर तक की सब्सिडी दी जा रही है। योजना के तहत पात्र लोगों को हर महीने चार टोकन दिए जाएंगे और प्रत्येक टोकन पर 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी।



अक्टूबर तक घरेलू तेल मिलने की उम्मीद

पाकिस्तान सरकार विदेशों से तेल खरीद पर निर्भरता कम करने के लिए देश में नए तेल भंडार खोजने पर भी काम कर रही है। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक के मुताबिक, कुछ तेल कुओं पर काम शुरू हो चुका है और अक्टूबर तक कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है। सरकार ने तेल और गैस की खोज के लिए कंपनियों को नए ब्लॉक भी आवंटित किए हैं। इसका उद्देश्य घरेलू तेल और गैस उत्पादन बढ़ाना है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने की स्थिति में पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव कम किया जा सके।

एशियाई हॉकी फेडरेशन ने सीएम मान को जापान में एशियाई खेलों के हॉकी सेमीफाइनल और फाइनल देखने का दिया निमंत्रण

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पंजाब की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है यह निमंत्रण

- महिला और पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को, फाइनल 2 और 3 अक्टूबर को
- ए.एच.एफ. की ओर से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब के प्रतिनिधिमंडल को आईची-नागोया एशियाई खेल-2026 के लिए निमंत्रण

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः अंतरराष्ट्रीय हॉकी के नक्शे पर पंजाब की बढ़ती प्रधानता को मान्यता देते हुए एशियाई हॉकी फेडरेशन (ए.एच.एफ.) ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल को एशियाई खेल आईची-नागोया-2026 में महिला और पुरुष हॉकी मुकाबलों के सेमीफाइनल और फाइनल मैच देखने के लिए जापान आने का निमंत्रण दिया है। यह निमंत्रण ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आया है जब पंजाब, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पहली बार पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी-2026 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। एशियाई हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष फुमियो ओगुरा की ओर से दिया गया यह निमंत्रण 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को होने वाले महिला और पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल, और उसके बाद 2 और 3 अक्टूबर को होने वाले फाइनल मैचों के लिए है।

ए.एच.एफ. ने विशेष रूप से कहा है कि पंजाब सरकार के प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति से बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के आयोजन और संचालन का सीधा अनुभव मिलेगा।

यह अनुभव विशेष महत्व रखता है क्योंकि पंजाब 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के लिए एशिया की प्रमुख हॉकी टीमों का स्वागत करने के लिए तैयार है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी जालंधर और मोहाली द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी, जिसमें जालंधर उद्घाटन समारोह और लीग-ग्रेड मैचों की मेजबानी करेगा, जबकि मोहाली सेमीफाइनल और फाइनल की मेजबानी करेगा। पंजाब की ओर से प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने का पहला अवसर होगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस टूर्नामेंट को उस धरती पर हॉकी के लिए शानदार अवसर बताया है, जिसने भारतीय हॉकी के नायकों की कई पीढ़ियाँ तैयार की हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब सरकार के प्रतिनिधिमंडल को यह निमंत्रण ऐसे समय में मिला है, जब पंजाब अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी और देश के प्रमुख हॉकी केंद्र के रूप में अपनी पहचान को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। आने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, चीन और अन्य देश पंजाब में मुकाबला करेंगे।

ए.एच.एफ. ने बताया है कि पंजाब सरकार के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आईची-नागोया में हासिल किया गया अनुभव जालंधर और मोहाली में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और भविष्य में पंजाब में ऐसे बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। यह निमंत्रण एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पंजाब की तैयारियों को दी जा रही अहमियत को भी दर्शाता है, क्योंकि राज्य हॉकी संस्कृति को बड़े महाद्वीपीय खेल आयोजन की मेजबानी के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय मानकों से जोड़ना चाहता है। एशियाई हॉकी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के प्रतिनिधिमंडल और इसके विवरणों की पुष्टि करने का अनुरोध किया है ताकि यात्रा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा सकें।



यूपीआई ट्रांजैक्शन में 2,000 रुपये से अधिक पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क का विरोध शुरू

डेली आवाज भारती

लुधियाना। 2,000 रुपये से अधिक की UPI ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) शुल्क लगाए जाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। लुधियाना पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने कहा है कि यदि यह शुल्क लागू किया जाता है तो पेट्रोल पंपों पर 2,000 रुपये से अधिक की खरीदारी के लिए UPI भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे ग्राहकों को नकद भुगतान करने के लिए कहा जाएगा। लुधियाना पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक सचदेवा के अनुसार, पेट्रोल पंपों पर होने वाले करीब 30 प्रतिशत लेन-देन UPI के माध्यम से होते हैं। उनका कहना है कि पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर पहले से ही मुनाफा सीमित है। ऐसे में UPI भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क का भार पंप संचालकों के लिए उठाना मुश्किल होगा। एसोसिएशन के अनुसार, यदि 2,000 रुपये से अधिक के UPI भुगतान पर 0.4 प्रतिशत MDR शुल्क लागू किया जाता है तो 2,000 रुपये से अधिक का पेट्रोल-डीजल खरीदने वाले ग्राहकों से UPI के जरिए भुगतान नहीं लिया जाएगा। उन्हें नकद भुगतान करना होगा। इसके लिए पेट्रोल पंपों पर बाकायदा सूचना संबंधी नोटिस भी लगाए जाएंगे। हालांकि, 0.4 प्रतिशत MDR शुल्क लागू होने को लेकर अंतिम निर्णय और इसकी शर्तें संबंधित प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया जाना बाकी है।



जीरकपुर के कई व्यापारियों ने इस प्रस्ताव पर जताई नाराजगी

यूपीआई पेमेंट में 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क के विरोध की आवाज जीरकपुर में भी देखने को मिली। जीरकपुर के कई व्यापारियों ने इस प्रस्ताव को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे व्यापारियों की कमर तोड़ने वाला फैसला बताया है। कई व्यापारियों का दावा है कि उनके कारोबार में पहले ही मार्जिन काफी कम है। जीएसटी और अन्य खर्चों के चलते वे पहले से ही दबाव में हैं। ऐसे में यदि अतिरिक्त एमडीआर शुल्क लागू होता है तो इससे उनके कारोबार पर और अधिक आर्थिक बोझ पड़ सकता है। व्यापारियों का कहना है कि डिजिटल भुगतान आज उनके कारोबार का अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगने से छोटे और मध्यम कारोबारियों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। हालांकि, सरकार की ओर से यह दावा किया गया है कि प्रस्तावित एमडीआर शुल्क का असर यूपीआई के करीब 96 प्रतिशत लेन-देन पर नहीं पड़ेगा, जबकि लगभग 4 प्रतिशत लेन-देन ही इसके दायरे में आएंगे। ऐसे में प्रस्तावित शुल्क को लेकर सरकार के दावे और व्यापारियों की चिंताओं के बीच बहस जारी है।

बादल परिवार ने अकाली दल को एक पारिवारिक पार्टी बना दिया, निजि एजेंडे के लिए सिख संस्थाओं का प्रयोग किया: बलतेज पन्नू

- अकाली मोर्चे कुर्बानियों पर बने थे, लेकिन बादल परिवार ने निजी और राजनीतिक हितों के लिए पंथक फ्रंट का इस्तेमाल किया: बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती

चंडीगढ। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने सोमवार को बादल परिवार पर तीखा हमला करते हुए ऐतिहासिक अकाली दल पर कुर्बानियों पर बने पंथक आंदोलन को एक पारिवारिक राजनीतिक पार्टी में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी लीडरशिप ने योजनाबद्ध तरीके से सिख संस्थाओं पर कब्जा करने और उन्हें निजी और राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की है। अमरजीत सिंह चावला और उस महिला से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए, जिसे महीनों तक श्री आनंदपुर साहिब में एसजीपीसी लॉज में रखा गया था, बलतेज पन्नू ने सवाल किया कि इतनी शक्तियां कैसे दी गईं, विरसा सिंह वल्टोहा और सरबजीत सिंह झिंजर उस महिला को वहां क्यों लाए और एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने उसकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि अकाली मोर्चों का इतिहास कुर्बानियों का इतिहास रहा है, जिसमें आम अकाली सिर्फ कंधे पर परना रखकर जेल जाते थे और अपनी कुर्बानियों से %जत्थेदार% का खिताब हासिल करते थे। पन्नू ने कहा, ÷वह शब्द कमाया हुआ था, यह ऐसी चीज़ नहीं थी जिसे कोई अपने नाम के साथ जोड़े।÷ उन्होंने आगे कहा कि यह परंपरा अब खत्म हो गई है क्योंकि एक खास परिवार ने इस मोर्चे पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह बादल भी अपने पूरे राजनीतिक करियर में अपने नाम के साथ %जत्थेदार% नहीं जोड़ पाए क्योंकि उस दर्जे के लिए बहुत बड़े योगदान की जरूरत होती थी। आप के मीडिया इंचार्ज ने कहा कि बादल परिवार अब यह दावा नहीं कर सकता कि शिरोमणि अकाली दल (बादल) सच में एक क्षेत्रीय या रिप्रेजेंटेटिव पंथक पार्टी है। बलतेज पन्नू ने कहा, ÷अकाली दल बादल नाम से ही साफ है कि यह एक परिवार की पार्टी बन गई है।÷ उन्होंने सवाल किया कि बादल की लीडरशिप वाली अकाली दल ने सिख कम्युनिटी के लिए आखिरकार क्या एजेंडा तय किया है। शिरोमणि अकाली दल के लीडर और पूर्व एसजीपीसी मेंबर अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ हाल ही में दर्ज एफआईआर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि आनंदपुर साहिब सराय में एक महिला द्वारा लगाए गए आरोपों ने सिख संस्थाओं के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने सवाल किया, ÷एफआईआर में एक महिला का आरोप है कि उसे आनंदपुर साहिब सराय में बंधक बनाकर रखा गया था। कोई महिला एसजीपीसी सराय में महीनों तक कैसे रह सकती है? उसे रहने की जगह, गाड़ी और दूसरी सुविधाएं किसने दीं और खर्च किसने उठाया? बलतेज पन्नू ने खास तौर पर एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की भूमिका पर सवाल उठाए और धामी से यह बताने की मांग की कि जब महिला शिकायत लेकर उनके पास आई तो क्या कार्रवाई की गई।




- बादल का एजेंडा सिख संस्थाओं पर कब्जा करना और उन्हें निजी और राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करना है: बलतेज पन्नू

कांग्रेस-भाजपा ने पंजाब के युवाओं को ड्रग्स की ओर धकेला : अमन अरोड़ा

कहा, अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने पैसे के बदले नशा तस्करों को संरक्षण दिया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को सवाल किया कि विपक्षी नेता रवनीत सिंह बिट्टू, प्रताप सिंह बाजवा और बिक्रम सिंह मजीठिया एक ऐसे व्यक्ति का बचाव करने के लिए जल्दबाजी में हैं, जिसके खिलाफ 2018 से एनडीपीएस आबकारी और बलात्कार जैसे 9 केस दर्ज हैं और जिसे 4 केस में दोषी ठहराया जा चुका है। इस बीच, नमोल की ज़मीनी हकीकत पर विपक्ष चुप है, जहां दो पंचायतें, गुरुद्वारा कमेटियां, किसान संगठन और गांववाले ड्रग्स की बिक्री के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। आप ने कहा कि पिछली अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने पैसे के बदले नशा तस्करों को संरक्षण दिया और पंजाब के युवाओं को ड्रग्स की ओर धकेला, जबकि भगवंत मान सरकार ने अपने 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' के ज़रिए उस राजनीतिक गठबंधन को तोड़ दिया है और नशा तस्करों की सप्लाई लाइन तक पैसे का फ्लो रोक दिया है। पार्टी ने कहा कि विपक्ष का रिएक्शन इस कार्रवाई पर उनके दर्द को दिखाता है और अपने नेताओं को चुनौती दी कि वे लाश पर राजनीति करने के बजाय ज़मीनी स्तर पर आकर अपने दावों को दोहराएं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आप पंजाब के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा, ÷पिछले 10-12 दिनों में, आपने देखा होगा और आपके चैनलों ने भी दिखाया होगा कि पंजाब के गांवों में, खासकर हमारे जिले में, किस तरह की घटनाएं हुई हैं, और ड्रग्स पर किस तरह का राजनीतिक विवाद खड़ा किया गया है। आप पंजाब प्रधान ने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि जब भी किसी की जान जाती है, तो यह सिर्फ़ उस व्यक्ति के घर या परिवार का नुकसान नहीं होता, बल्कि पूरे समाज का नुकसान होता है। लेकिन जब राजनीतिक पार्टियों के लोग, राजनीतिक लीडर सच छिपाकर अपने राजनीतिक फायदे के लिए घटिया राजनीति करते हैं, तो समाज का भी नुकसान होता है, पंजाब का भी नुकसान होता है और पंजाब का नाम भी बदनाम होता है। यही हम आज देख रहे हैं। नमोल की घटना का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि कल संगरूर ज़िले में ही नमोल गाँव के एक नौजवान जग्गा सिंह ने डीसी ऑफ़िस के बाहर कोई ज़हरीली चीज़ निगल ली और बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन देखिए कल शाम से लेकर आज तक किस तरह की गंदी राजनीति हो रही है। यह इस बात का ताज़ा उदाहरण है कि कैसे इस घटना का इस्तेमाल पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। अमन अरोड़ा ने कहा, ÷नमोल गांव मेरे चुनाव क्षेत्र सुनाम में है और सुनाम के पास है।



- भगवंत मान सरकार ने अपने 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' के ज़रिए उस राजनीतिक गठबंधन को तोड़ा

page 2_Layout 1 21-09-2026 20:29 Page 1

पंजाब के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, भाजपा सरकार आई तो नशे पर होगी निर्णायक कार्रवाई : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती





चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को जनता से किए गए वादों को पूरा न करने पर घेरते हुए कहा कि आप पार्टी ने पंजाब की जनता से नशा खत्म करने, युवाओं को रोजगार देने, किसानों की फसल खरीदने और महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन 5 साल होने के बाद भी इन्होंने वादे पूरे नहीं किए। आप पार्टी ने महिलाओं, किसानों, गरीबों के साथ धोखा किया, यह धोखेबाज सरकार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को पंजाब के फाजिल्का जिले के सितो में आयोजित नशा विरोधी यात्रा– नशा मुक्त पंजाब कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले बड़े–बड़े वादे किए थे कि नशे को खत्म करेंगे, पंजाब को रंगला पंजाब बनाने का काम करेंगे। लेकिन बड़े दुख की बात है कि यह सिर्फ वोट लेने के लिए कही गई बातें थी। आज पंजाब की जनता बताए कि पंजाब में नशा बढ़ा है या घटा है। हकीकत ये है कि पंजाब में चार गुणा नशा बढ़ा है, चार गुणा पंजाब पर कर्ज बढ़ गया है, यह सोचने की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो देख रहा था, जिसमें भगवंत मान कह रहे थे कि पहले कुछ लोग बोलते थे कि इन्हें एक्सपीरियंस नहीं है काम का, लेकिन अब हमें एक्सपीरियंस हो गया है। नायब सिंह सैनी भगवंत मान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मान साहब आपको एक्सपीरियंस हो गया है नशे को बढ़ाने का, नशे में युवाओं को फंसाने का, प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ाने का, कैसे पैसा लूटना है, कहां से लूटना है, फिरोतियों का पैसा कौन मांगता है, ये एक्सपीरियंस आप पार्टी की सरकार को हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवाओं को बचाने और उन्हें संभालना एक चुनौती है। पंजाब जो कभी अपने शूरवीरों के लिए और कुश्ती-कबड्डी के लिए पूरे देश का गौरव होता था, उसे एक गहरी साजिश और राज्य सरकार की नाकामी के कारण नशे की आग में धकेलने का काम किया गया। आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब के लोगों की भावनाओं के साथ मजाक किया है। ये सरकार माफ करने लायक नहीं है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने भी ये कहा था कि नशे को खत्म करेंगे, भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे, रोजगार देंगे, लेकिन कांग्रेस राज में भी पंजाब में नशा बढ़ा, नौकरी भी नहीं लगी। कांग्रेस ने जो बातें कही थी, उनको कभी पूरा नहीं किया। दूसरी तरफ, चुनावों से पहले अरविंद केजरीवाल मंच से कहते थे कि हम ईमानदार हैं, हमारी पार्टी कट्टर ईमानदार है। 3 से 6 महीने में नशा खत्म करेंगे, युवाओं को रोजगार देंगे, किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीदने का काम करेंगे, 3 लाख रोजगार देने का काम करेंगे। लेकिन वास्तविकता सब जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के साथ मंच पर बैठकर पंजाब के युवाओं को ये बताएं कि कितने युवाओं को रोजगार देने का काम किया, नशे को खत्म करने के लिए क्या किया। परन्तु ये लोग सिर्फ चुटकुले मारना ही जानते हैं, ये काम नहीं करते। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवंत मान ने तारीखों पर तारीखें दी कि हम नशा खत्म कर देंगे, लेकिन कुछ नहीं किया। अब एक नया ड्रामा खड़ा करके कहने लगे हैं कि युद्ध नशे के विरुद्ध। ये पंजाब के लोगों के पैसे टीवी पर इश्तिहार देकर नशे को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन धरातल पर नशे को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग मुझे आकर मिलते हैं, वे अपनी पीड़ा बताते हैं कि हम लोग कहां जाएं, कहां जाकर शिकायत करें। अभी हाल ही में देखा कि भगवंत मान की विधानसभा क्षेत्र में एक बाप ने अपने बेटे को बचाने के लिए आवाज मंत्री के सामने उठाई, उसको कैसे अपमानित किया गया, उसे सुसाइड करना पड़ गया। ये हाल पंजाब का हो गया है।

उन्होंने कहा कि मान साहब की एक वीडियो सुन रहा था, जिसमें वो कह रहे थे कि हमारी सरकार ने 71 हजार जो नशे का कारोबार करते हैं, उनकी गिरफ्तारी की है। मान साहब ये बताएं कि पंजाब की जेलों में मात्र 35 हजार लोग ही आ सकते हैं, जबकि ये कह रहे हैं कि 71 हजार गिरफ्तारियां की। ये पंजाब के लोगों के सामने झूठ बोल रहे हैं और अपनी कमियों को छुपा कर फिर से वोट लेने की फिराक में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा और पंजाब का रिश्ता छोटे-बड़े भाई का है, लेकिन आज दोनों राज्यों की विकास यात्रा में अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा डबल इंजन सरकार के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ रहा है, जबकि पंजाब पीछे रह गया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास आज कोई मुद्दा नहीं है। वहीं, आम आदमी पार्टी के नेताओं से भी ये पूछा जाना चाहिए कि चुनाव के समय जारी किया गया उनका घोषणा पत्र कहां है और उसमें किए गए वादों में से कितने पूरे हुए हैं। इसके विपरीत भाजपा सरकार ने हरियाणा में 217 संकल्प लिए और पहले ही वर्ष में 70 संकल्प पूरे कर दिए, जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंजाब में विधायक और मंत्रियों के ई–गिर्द घूमने वाले, उनके रिश्तेदारों के बच्चे एक्साइज इंस्पेक्टर लग गए। ऐसे बच्चे एक्साइज इंस्पेक्टर लगे, जिन्होंने दो फॉर्म भरे, दो केंद्रों पर एक साथ उनका एग्जाम हुआ और वे दोनों परीक्षा केंद्रों पर पास भी हो गए और दोनों केंद्रों से एक्साइज इंस्पेक्टर लगे, ये हाल पंजाब में सरकारी भर्तियों का है।

सरकारी अस्पताल में जा कर अपनी नियमित कान व सुनने की जांच करवाएं : आरती सिंह राव

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की सुनने की समस्या महसूस होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी नियमित कान व सुनने की जांच करवाएं। राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में प्रदेश सरकार द्वारा इसकी जांच और उपचार की उचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा की ओर से 21 से 27 सितंबर 2026 तक 'अंतर्राष्ट्रीय बधिरता सप्ताह' मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों के नाम महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परामर्श जारी करते हुए कहा कि इस वर्ष ÷बधिर लोगों के मानव अधिकारों की घोषणा÷ के संदेश के साथ आमजन को सुनने की क्षमता की सुरक्षा और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। आरती सिंह राव ने बताया कि ने सुनने में परेशानी (बधिरता) किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को टीवी या ऑडियो का वॉल्यूम बढ़ाने की आवश्यकता महसूस होती है, बातचीत के दौरान बातें ठीक से सुनाई नहीं देती हैं या बार-बार दोहराने को कहना पड़ता है, अथवा कान में सायँ-सायँ या घंटी बजने जैसी आवाजें (रिंगिंग सेंसेशन) महसूस होती हैं, तो यह सुनने की क्षमता कम होने के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने सुनने की क्षमता में कमी के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कान में चोट लगना, अत्यधिक मैल (वैक्स) जमना, रूबेला या अन्य संक्रमण, वृद्धावस्था, अत्यधिक तेज शोर, और कुछ जहरीली या हानिकारक दवाओं का दुष्प्रभाव बधिरता के मुख्य कारण हो सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने नागरिकों से अपने कानों की देखभाल और बचाव के उपाय अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने परामर्श दिया कि किसी भी कॉन्सर्ट या अधिक शोर-शराबे वाले स्थानों पर इयरप्लग का उपयोग करें, कान के अंदर कभी भी कोई नुकीली या बाहरी चीज न डालें, और तेज शोर से बचते हुए ऑडियो उपकरणों का वॉल्यूम कम रखें।

जन विरोधी भाजपा सरकार से किसान, युवा समेत हरियाणा का हर वर्ग त्रस्त : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



टोहाना। टोहाना में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी भीड़ और जनसैलाब उमड़ा। इस विशाल जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं के अभूतपूर्व उत्साह को देखकर मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नेता गदगद नजर आए। इस सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय व प्रांतीय नेतृत्व सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की और आगामी राजनैतिक रणनीतियों तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुटता का संदेश दिया। सम्मेलन में मुख्य रूप से कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र, सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा, वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, टोहाना के विधायक परमवीर ड्क्षसह, पूर्व विधायक निशान सिंह, अरविंद्र शर्मा, प्रधान अत्तर सिंह सैनी, पूर्व मंत्री राजेश चौधरीवाल, कृष्णा पूनिया, लाल बहादुर खोवाल समेत कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यकर्ता अधिवेशन को संबोधित करते हुए सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि ये सम्मेलन केवल पार्टी संगठन की मजबूती का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि यह वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों और तानाशाही रवैये के खिलाफ प्रदेश की जनता के आक्रोश को एक सशक्त मंच देने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से आज हरियाणा का हर वर्ग दुखी है। नायब सैनी सरकार किसान-मजदूर, गरीब, युवाओं समेत हर वर्ग को प्रताड़ित कर रही है। हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार पर अन्नदाताओं के साथ क्रूर मजाक करने और उन्हें निजी व्यापारियों के हाथों लुटवाने का षड्यंत्र रच रही है। 12 साल से किसानों को सताने और निपटने में लगी भाजपा अब पराली के बहाने किसान विरोधी काला कानून लेकर आई है। प्रदेश के किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य केवल कागजों और विज्ञापनों तक सीमित रह गया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि अनाज मंडियों में किसानों की गाढ़े पसीने की फसल का कोई कद्रदान नहीं है। सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। हरियाणा की धरती कभी अपनी खुशहाली, भाईचारे और विकास के लिए जानी जाती थी, लेकिन आज भाजपा के कुशासन में यह अपराधियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना बन चुकी है। जेलों में बैठे गैंगस्टर्स द्वारा हमारी युवा पीढ़ी को अपराध के दलदल में धकेला जा रहा है। राज्य में खनन माफिया, ड्रग माफिया, इमिग्रेशन माफिया और गैंग माफिया का समानांतर राज चल रहा है। व्यापारियों, डॉक्टरों और उद्योगपतियों को खुलेआम धमकी भरे फोन आ रहे हैं और करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। सुरक्षा के अभाव में व्यापारी पलायन करने को मजबूर हैं। जब जनता अपराध और खौफ के साए में जीने को मजबूर है, तब मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर की सवारी करने और सार्वजनिक मंचों से चुटकुले सुनाने में व्यस्त हैं।

कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हरियाणा का गरीब तबका अपने बुनियादी हकों के लिए तरस रहा है। प्रदेश के बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों से धोखाधड़ी और हकमारी की भाजपाई बेशर्मी दिनदहाड़े जारी है। विधानसभा चुनाव-2024 से पहले प्रदेश में 52.50 लाख बीपीएल परिवार थे, मगर चुनाव बीतने के 6 महीने के अंदर ही 13.50 लाख परिवारों को सूची से बाहर कर दिया। सुरजेवाला ने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और लचर भर्ती प्रक्रिया पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि हरियाणा के युवा आज विज्ञापनों के नहीं, रोजगार के हकदार हैं। वे खोखले आश्वासनों के नहीं, बल्कि नियुक्ति पत्रों के हकदार हैं।

भाजपा सरकार सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाहीपूर्ण रवैये से लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर न करे : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। राजस्थान में नगर निकाय प्रमुखों के चुनाव से ठीक पहले राजस्थान के कुछ निर्वाचित पार्षदों को पिंजौर थाना क्षेत्र में कथित रूप से रोके जाने के मामले पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को रोकना बेहद गंभीर मामला है और इससे पुलिस प्रशासन की कार्रवाई की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल स्पष्ट करे कि पार्षदों को किस कानूनी प्रावधान के तहत रोका गया और उन्हें थाने में रखने का आधार क्या है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस को मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के कुछ निर्वाचित पार्षद हिमाचल प्रदेश से राजस्थान लौट रहे थे। आरोप है कि पिंजौर थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों एवं अन्य लोगों ने उनके वाहनों का पीछा किया और उन्हें रोककर थाने में बैठा दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई आपराधिक या वैधानिक मामला है तो पुलिस कानून के अनुसार कार्रवाई करे, लेकिन चुनाव से ठीक पहले निर्वाचित पार्षदों को रोकना और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला गंभीर कदम है। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सत्ता के बल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई भाजपा के तानाशाहीपूर्ण और सत्ता के दुरुपयोग वाले रवैये की ओर इशारा करती है। लोकतंत्र में सरकारें पुलिस और प्रशासन का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि को बिना भय, दबाव या हस्तक्षेप के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। यदि किसी पार्षद के खिलाफ कोई मामला है तो उसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए और कानून के तहत पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन चुनाव के ठीक पहले पार्षदों को रोककर रखने की कार्रवाई का प्रशासन को स्पष्ट जवाब देना होगा।

राव नरेंद्र सिंह ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि पार्षदों को रोकने के आदेश किस स्तर से जारी हुए। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस कार्रवाई कानून सम्मत है तो प्रशासन उसके कानूनी आधार को सार्वजनिक करे और यदि किसी अधिकारी ने नियमों का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने का नाम नहीं है, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को स्वतंत्र रूप से अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने की गारंटी देना भी उतना ही आवश्यक है। भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन लोकतांत्रिक संस्थाएं स्थायी होती हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार और कथित तानाशाहीपूर्ण रवैये से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी।

उन्होंने हरियाणा पुलिस और प्रशासन से पूरे मामले में निष्पक्षता, पारदर्शिता और कानून के शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा राजस्थान के निर्वाचित पार्षदों के संबंध में तत्काल स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

शहीदों के सम्मान के साथ युवाओं को देश सेवा में देना चाहिए योगदान : राव इंद्रजीत सिंह

डेली आवाज भारती



गुरुग्राम। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम के गांव डाबोधा में बलिदानी सूबेदार नरेश कुमार की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हमारे वीर जवान अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, जिसके कारण देशवासी सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। राव इंद्रजीत सिंह ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और समृद्धि में सैनिकों तथा उनके परिवारों का योगदान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि बलिदानी सूबेदार नरेश कुमार की शहादत क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने शहीद के परिजनों, गांव की सरदारी, पूर्व एवं वर्तमान सरपंचों, जनप्रतिनिधियों तथा दूर-दराज से पहुंचे पूर्व सैनिकों और नागरिकों का भी आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से पूरी तरह दूर रहें और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर देश सेवा के लिए स्वयं को तैयार करें। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश की सबसे बे ी ताकत हैं और उन्हें अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगानी चाहिए। युवाओं को सेना में भर्ती होकर राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी आगे बे ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी यों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। यदि युवा नियमित व्यायाम, खेल और अनुशासित जीवन को अपनाएंगे तो वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे और भविष्य में सेना, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा करने में सक्षम होंगे।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, मानवता की सेवा का सशक्त माध्यम : श्याम सिंह राणा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, इसलिए हमें अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। राणा सेवा संकल्प अभियान के तहत यमुनानगर जिला के रादौर में नगरपालिका की ओर आयोजित रक्तदान शिविर में सम्बोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने रक्तदानियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है तथा एक मनुष्य का रक्त ही दूसरे मनुष्य के काम आता है, जहां एक तरफ रक्तदान दूसरे व्यक्ति की जान बचाता है, वहीं हमें जात-पात व धर्म से ऊपर उठकर मानवता की सच्ची सेवा करने का अवसर भी प्रदान करता है। राणा ने कहा कि देश व प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस सेवा पखवाड़े के तहत देश व प्रदेश में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत, पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रबुद्ध सम्मेलन, हेल्थ चेकअप, मैराथन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और ये सभी कार्यक्रम हमें सेवा भाव राष्ट्र के प्रति समर्पित कार्यों की ओर आकर्षित करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकास पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। देश व प्रदेश में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है, यह एक मानवता की उत्तम मिसाल भी है, हमारे देश का युवा रक्तदान करने में हमेशा अपना योगदान देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया के मरीजों को लगातार रक्त की आवश्यकता होती है, क्योंकि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में रक्त की कमी होती है जिसके कारण मरीजों को समय-समय पर रक्त जरूरत पड़ती है, क्योंकि इस बीमारी में रक्त की कमी के चलते मरीज की मृत्यु हो सकती है तथा रक्त का कोई अन्य विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य विभाग को रक्त की आवश्यकता होती है, जो रक्तदान शिविरों द्वारा ही एकत्र किया जा सकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि हमें देश के महापुरुषों के जीवन से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि हमें अपने महापुरूषों के जंयतियों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह की सैर स्वस्थ जीवनशैली का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। नियमित रूप से सुबह के समय पैदल चलने से शरीर में सक्रियता बनी रहती है और दिनभर ऊर्जा एवं स्फूर्ति का अनुभव होता है। स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन कुछ समय शारीरिक गतिविधियों के लिए निकालना बेहद जरूरी है। सुबह का शांत और स्वच्छ वातावरण मन को सुकून प्रदान करता है। नियमित सैर से दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच के साथ होती है तथा व्यक्ति स्वयं को अधिक तरोताजा महसूस करता है।

सिया राम दशहरा कमेटी ने शुरू कीं विजयदशमी उत्सव की तैयारियां, नई कार्यकारिणी का गठन

डेली आवाज भारती



सियाराम दशहरा कमेटी के पदाधिकारी बैठक के दौरान गठित नई कार्यकारिणी संबंधी जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): दशहरा के त्योहार को धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए सियाराम दशहरा कमेटी द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सियाराम दशहरा कमेटी द्वारा इस साल 20 अक्तूबर को विजयदशमी उत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को शानदार बनाने के लिए कमेटी की पहली बैठक बीती शाम एक निजी स्थान पर की गई, जिसमें उत्सव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जानकारी देते हुए मुख्य प्रबंधक विजय मोंगा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी विजयदशमी का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सदस्यों को सौंपी गई हैं और तैयारियों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। बैठक में विजय मोंगा को चेयरमैन, प्रेम धवन को प्रधान (अध्यक्ष), नरेंद्र कक्कड़ को वाइस चेयरमैन और विनोद शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। राकेश मनचंदा और ओमप्रकाश निक्का को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई, जबकि चेतन शर्मा को महासचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह सोहन लाल खत्री को कैशियर, नरेश शर्मा को मंच सचिव और विजय धवन व सुरेंद्र नारंग को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बाल कृष्ण धवन और गगन अग्रवाल को एडवाइजर (सलाहकार) नियुक्त किया गया। इसके अलावा विजयदशमी उत्सव की शोभा बढ़ाने और आयोजन को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए कमेटी द्वारा अन्य सदस्यों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस मौके पर सियाराम दशहरा कमेटी के महासचिव चेतन शर्मा ने बताया कि इस बार रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले पहले से ज्यादा ऊंचे बनाए जाएंगे और इनका दहन आधुनिक तरीके से रिमोट द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा आतिशबाजी विशेष रूप से शिवकाशी से मंगवाई जा रही है। कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक त्योहार है। इस अवसर पर शहरवासियों को धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश देने के साथ-साथ उत्सव को विशाल रूप देने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सभी सदस्यों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया और अगली तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश तय किए।

CMYK

page 3_Layout 1 21-09-2026 20:30 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ मंगलवार, 22 सितंबर 2026

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने गांव बालियां में आंखों के जांच शिविर का किया उद्घाटन

लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सुखवीर सिंह





?????

- विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई आंखों की निःशुल्क जांच

डेली आवाज भारती

शेरपुर/धूरी। पंजाब सरकार की जनहितैषी पहल 'रंगला पंजाब, सेहतमंद पंजाब' के तहत आज गांव बालियां में लगाए गए विशाल आंखों के जांच शिविर का मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने उद्घाटन किया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को आंखों की सेहत के प्रति जागरूक करना तथा समय-समय पर आंखों की जांच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने कहा कि आंखों का स्वास्थ्य मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और समय पर जांच करवाने से आंखों से जुड़ी कई समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उचित उपचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके घरों के नजदीक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाने में ऐसे स्वास्थ्य शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शंकरा आई हॉस्पिटल, लुधियाना के विशेष सहयोग से लगाए गए इस शिविर के दौरान आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे और आंखों से संबंधित आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान सुखवंत सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी आंखों की नियमित जांच करवाने को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर सतनाम सिंह, सुखवंत सिंह, कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

गांव भगवानपुरा में जागरण में विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी और चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने लगाई हाजिरी

माता रानी का आशीर्वाद लेकर सर्वजन के कल्याण, सुख-शांति और खुशहाली के लिए की प्रार्थना

डेली आवाज भारती

शेरपुर/धूरी। गांव भगवानपुरा स्थित श्री दुर्गा मंदिर में 15वें विशाल मां भगवती जागरण के अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी और पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने माता रानी के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वजन के कल्याण, क्षेत्र की तरक्की, लोगों की सुख-शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी ने कहा कि धार्मिक समागम हमारी समृद्ध विरासत और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजन जहां हमें अपनी धार्मिक परंपराओं से जोड़ते हैं, वहीं आपसी प्रेम, सद्भावना और भाईचारे की भावना को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण





भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक समागमों में संगत की बड़ी भागीदारी समाज में आपसी मेल-जोल और एकता की भावना को और मजबूत करती है। चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि पंजाब की धरती गुरुओं, पीरों और संतों की धरती है, जहां हर धर्म के त्योहार और धार्मिक समागम आपसी सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समागमों में शामिल होना और संगत के साथ समय बिताना सौभाग्य की बात है। उन्होंने माता रानी के समक्ष समूचे पंजाब की तरक्की और लोगों की चढ़दी कला के लिए प्रार्थना की। श्री दुर्गा मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित जागरण के दौरान माता रानी की महिमा का गुणगान किया गया और संगतों ने पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लिया। गांववासियों द्वारा विधायक कुलवंत सिंह पंडोरी और चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हठूर वाले किरण महंत जी द्वारा ज्योति प्रचंड की गई और देव राज जी द्वारा कथा की गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला, गांव की संगतों तथा क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

कृषि विभाग द्वारा गांव अल्लड़ पिंडी में लगाया गया कैंप, फसल अवशेष को आग न लगाने के लिए किया जागरूक



डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): मुख्य कृषि अधिकारी गुरदासपुर डॉ. शहबाज सिंह चीमा के निर्देशों, ब्लॉक कृषि अधिकारी कलानौर के दिशा-निर्देशों तथा अमृतपाल कौर ए.ई.ओ. के नेतृत्व में सी.आर.एम. और आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत गांव स्तर पर जागरूकता कैंप गांव अल्लड़ पिंडी, ब्लॉक कलानौर में लगाया गया। अमृतपाल कौर ए.ई.ओ. ने बताया कि जागरूकता कैंप के दौरान किसानों को फसल के अवशेषों को आग लगाने से पर्यावरण तथा मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और पराली को आग न लगाने के लिए जागरूक किया गया।

इसके साथ ही विभागीय गतिविधियों, किसान रजिस्ट्री तथा पराली प्रबंधन के लिए मशीनरी पर मिलने वाली सब्सिडी संबंधी जानकारी भी किसानों को दी गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर किसानों से संकल्प लिया गया कि वे पराली को आग नहीं लगाएंगे और जीरो बर्निंग अभियान में अपना योगदान देंगे। इस मौके पर सुखदीप कौर बेलदार, सरपंच हरजीत कुमार, नंबरदार दिलबाग सिंह, पंचायत सदस्य जनक राज, शीला देवी, बलवंत सिंह, प्रगतिशील किसान रविंदर सिंह, किसान यूनियन के प्रेस सचिव सुखदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

नशे के खिलाफ जनजागरण का शंखनाद, अचलेश्वर धाम से निकली भाजपा की नशा मुक्ति यात्रा

डेली आवाज भारती

बटाला, ((अमनदीप संधू): पंजाब को नशामुक्त बनाने और युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की ओर से बटाला स्थित पवित्र अचलेश्वर धाम से नशा मुक्ति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा बटाला के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरती हुई फतेहगढ़ चूड़ियां पहुंची, जहां पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का संदेश दिया। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से नशे से दूरी बनाए रखने तथा अपने बच्चों और विशेषकर युवाओं को नशे की बुरी आदतों से बचाने के लिए जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान नशे के खिलाफ जनजागरूकता को मजबूत करने और समाज के प्रत्येक





वर्ग को इस मुहिम से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लाल सिंह आर्या तथा भाजपा नेता फतेहजंग सिंह बाजवा ने कहा कि नशा पंजाब के सामने एक गंभीर सामाजिक चुनौती है। उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए सरकार के साथ-साथ समाज की सामूहिक भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनने पर नशे के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाएंगे तथा पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि नशे का प्रभाव केवल नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। नशे की गिरफ्त में आने से युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है और परिवारों को भी अनेक सामाजिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रखकर शिक्षा, खेल, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यात्रा के माध्यम से युवाओं को विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें और उन्हें सही दिशा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर भाजपा नेता अश्वनी सेखड़ी और हीरा वालिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान नशामुक्त पंजाब के निर्माण को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक व्यक्ति, संस्था या राजनीतिक दल की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। सरकार, प्रशासन, पुलिस, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, अभिभावकों और युवाओं के संयुक्त प्रयासों से ही नशे के खिलाफ प्रभावी वातावरण तैयार किया जा सकता है।

श्री रामलीला के शुभ आगाज के लिए न्यू प्रभात ड्रामाटिक क्लब द्वारा विधिवत ध्वज पूजन

धर्म, संस्कृति और मर्यादा का संदेश देगी रामलीला—10 अक्टूबर से होगा शुभारंभ

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): भगवान श्री रामचंद्र जी के पावन जीवन, उनकी मर्यादा, सत्य, धर्म और आदर्शों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से न्यू प्रभात ड्रामाटिक क्लब, ओहरी गेट बटाला की ओर से श्री रामलीला के आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। इसी कड़ी के तहत क्लब के प्रधान मनोज कुमार की देखरेख में रामलीला के पावन ध्वज का विधिपूर्वक पूजन किया गया। ध्वज पूजन की धार्मिक रस्म पंडित जनक राज द्वारा संतोषी माता मंदिर की मर्यादा के अनुसार संपन्न करवाई गई। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों और कलाकारों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लेते हुए भगवान श्री रामचंद्र जी के समक्ष नतमस्तक होकर रामलीला के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की। क्लब के प्रधान



मनोज कुमार ने बताया कि श्री रामलीला का शुभारंभ 10 अक्टूबर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि भारतीय धर्म, संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने वाला पवित्र मंच है। रामायण के प्रसंगों के माध्यम से सत्य की जीत, धर्म की स्थापना, माता-पिता की सेवा, भाइयों के प्रेम, गुरु के प्रति सम्मान और समाज के प्रति कर्तव्य निभाने का संदेश मिलता है। नवनियुक्त प्रधान मनोज मरवाहा ने कहा कि न्यू प्रभात ड्रामाटिक क्लब की ओर से पिछले लंबे समय से श्रद्धा और समर्पण के साथ श्री रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। भगवान श्री रामचंद्र जी का जीवन मानवता को मर्यादा, सत्य, त्याग, संयम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने शहरवासियों और समस्त धर्मप्रेमी संगत से अपील की कि 10 अक्टूबर से शुरू हो रही श्री रामलीला में परिवार सहित बढ़-चढ़कर भाग लें और धार्मिक आस्था के साथ इस पावन आयोजन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, सद्भावना और धार्मिक संस्कारों को मजबूत करने में ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर उपप्रधान मुनी लाल संगर, महासचिव गोपी, डायरेक्टर जनक राज, रतन लाल, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार, स्टेज सचिव धर्मपाल पप्पू, मनोज कुमार बग्गा, युवराज, विनोद कुमार गोल्डी, जतिन, सन्नी, राकेश कुमार, करण, कन्नू, मनीष कुमार, विक्की, पवन कुमार, राघव, मोहित, रोहित सहित क्लब के अन्य सदस्य और कलाकार उपस्थित थे। सभी ने रामलीला के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया।

कुलदीप सिंह ने अपनी मौत से दी औरों को जिन्दगी!

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। 27 वर्षीय कुलदीप सिंह के परिवार के लिए सड़क दुर्घटना के बाद के दिन ऐसे गहरे दुख से भरे थे, जिसका सामना करने के लिए कोई भी परिवार तैयार नहीं होता। घर से निकला एक युवा बेटा और भाई अब कभी वापस नहीं लौटेगा। हालांकि, कुलदीप के अचानक और असहनीय निधन को स्वीकार करने के कठिन दौर में भी उनके परिवार ने ऐसा निर्णय लेने का साहस दिखाया, जिससे उनके शरीर का एक हिस्सा दूसरों के जीवन में आगे भी जीवित रह सके। परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रो. विवेक लाल, निदेशक, PGIMER ने कहा, ÷ऐसे क्षणों में जब किसी परिवार के दुख को कोई शब्द कम नहीं कर सकते, कुलदीप का परिवार 27 वर्षीय बेटे और भाई को खोने के असहनीय दुख से गुजर रहा था। इसके बावजूद उन्होंने इस गहरे शोक के बीच दूसरों



मृतक डोनर कुलदीप सिंह की फाइल फोटो।

के बारे में सोचने का साहस दिखाया। उनके निर्णय ने व्यक्तिगत त्रासदी को अन्य परिवारों के लिए आशा में बदल दिया है। यही असाधारण करुणा अंगदान को जीवन का सच्चा उपहार बनाती है। यमुनानगर के जगाधरी निवासी कुलदीप को सड़क दुर्घटना में गंभीर सिर की चोट लगने के बाद 15 सितंबर 2026 को PGIMER में भर्ती कराया गया था। उन्हें प्रारंभिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल, यमुनानगर ले जाया गया था, जिसके बाद उन्हें PGIMER रेफर किया गया। बताया गया कि कुलदीप स्कूटी चला रहे थे और स्पीड ब्रेकर के कारण गिरने से दुर्घटना हुई। कुलदीप की मां बीरा रानी के लिए बेटे को खोने की वास्तविकता बेहद पीड़ादायक थी। उनके छोटे भाई परमिंदर के लिए बड़े भाई को खोना ऐसा सदमा था, जिसने पूरे परिवार का जीवन बदल दिया। इसी गहरे दुख के बीच परिवार को अंगदान के संबंध में परामर्श दिया गया। 17 सितंबर को ब्रेन स्टेम डेथ सर्टिफिकेशन कमेटी द्वारा दो आकलन किए जाने के बाद निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ब्रेन स्टेम डेथ की पुष्टि की गई। अपार दुख के बावजूद परिवार ने कुलदीप के सभी अंगों और कॉर्निया के दान के लिए सहमति प्रदान की। परिवार के इस निर्णय से कुलदीप का अंतिम योगदान दूसरों के लिए एक नई शुरुआत बन गया। दोनों किडनी और कॉर्निया सफलतापूर्वक निकाले गए और PGIMER में प्रत्यारोपित किए गए।

हलका बटाला के ट्रेडर्स कमीशन की बैठक, व्यापारियों से संबंधित मुद्दों के समाधान को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन हरपाल सिंह चीमा तथा कार्यकारी अध्यक्ष पंजाब एवं विधायक शैरी कलसी के दिशा-निर्देशों के तहत हलका बटाला के ट्रेडर्स कमीशन के सदस्यों के साथ अहम बैठक की गई। इस मौके पर बातचीत करते हुए हलका बटाला के ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन कृपाल सिंह उदोवाली ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता जिला इंचार्ज चरणजीत सिंह परोवाल द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान हलके के व्यापारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों, समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही व्यापारी वर्ग की



जरूरतों और बटाला मार्केट के विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराई गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की पहल के तहत ट्रेडर्स कमीशन का गठन किया गया है। पंजाब सरकार के अनुसार, इस कमीशन का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए एक व्यवस्थित व्यवस्था उपलब्ध करवाना है। पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के माध्यम से व्यापारियों की शिकायतों के समयबद्ध समाधान पर भी जोर दिया जा रहा है। इस मौके पर ट्रेडर्स कमीशन के ब्लॉक प्रधान जसविंदर सिंह, सौरव भाटिया, मनजिंदर सिंह, जतिंदर सिंह राजपूत, राहुल अरोड़ा, दलजिंदर सोनी, आशीष शर्मा और जतिंदर सिंह मौजूद थे।

विधायक शैरी कलसी ने 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत बेरिंग यूनियन क्रिश्चियन कॉलेज में विद्यार्थियों से किया संवाद

विद्यार्थियों को नशा-मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का दिया आह्वान

- विधायक शैरी कलसी ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे विभिन्न सवालों के दिए जवाब

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) – पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शैरी कलसी ने 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत स्थानीय बेरिंग यूनियन क्रिश्चियन कॉलेज, बटाला में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर चेयरमैन यशपाल चौहान, कॉलेज के सचिव डॉ. डैरिक एंगल्स, कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. जे.पी. सिंह, निशान सिंह रंधावा चेयरमैन ब्लॉक समिति बटाला, गगनदीप सिंह निजी



सहायक, नवदीप सिंह शिक्षा प्रभारी विधायक कार्यालय, साहिल निजी सहायक, डॉ. अमिता कमेटी सदस्य, प्रो. नीरज कुमार शर्मा स्टाफ सचिव, डॉ. राजन चौधरी नोडल अधिकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, प्रो. राजीव मैकमूलन, प्रो. हरप्रभदीप सिंह, डॉ. ईशा, प्रो. अश्वनी कुमार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, श्री सैमसन, श्री रोबिन कुमार, प्रो. नरेंद्र सिंह, डॉ. ललित कुमार वित्त सचिव, प्रो. परमिंदरजीत कौर, प्रो. अनु, डॉ. अंजू पुरी, प्रो. रमणदीप कौर, प्रो. आकाश गिल, प्रो. जगदीप सिंह, प्रो. श्वेता, प्रो. शरणजीत सिंह, प्रो. कोमलदीप कौर, प्रो. अलका, डॉ. रितु पांधी, प्रो. सतिंदर कौर, प्रो. जगप्रीत सिंह, प्रो. तुषार बत्रा तथा श्री प्रदीप कुमार मौजूद थे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक शैरी कलसी ने नशों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और उन्हें नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विधायक शैरी कलसी ने कहा कि युवा देश और समाज का भविष्य होते हैं। यदि युवा नशों से दूर रहकर शिक्षा, खेलों और समाज सेवा की ओर ध्यान दें तो एक स्वस्थ एवं खुशहाल समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशे केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि परिवारों और पूरे समाज को भी प्रभावित करते हैं। न्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी नशों के खिलाफ जागरूक करें। यदि कोई व्यक्ति नशे की लत से प्रभावित है तो उसे इलाज और आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार नशों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता एवं रोकथाम संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। समागम के दौरान विद्यार्थियों ने भी नशा-मुक्त पंजाब के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को नशों के खिलाफ लड़ने की शपथ भी दिलाई गई। कॉलेज प्रबंधन की ओर से विधायक शैरी कलसी का कॉलेज पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समागम में कॉलेज स्टाफ, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

page 4_Layout 1 21-09-2026 20:31 Page 1

चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों और राजवंत सिंह घुल्ली ने धूरी हलके में 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के कार्डों के वितरण की शुरुआत की

धूरी हलके में स्वास्थ्य कार्ड बांटने के लिए 23 कैंप लगाए जाएंगे, आशा वर्कर घर-घर जाकर लाभार्थियों को वितरित करेंगी स्वास्थ्य कार्ड

- 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा से आम परिवारों को मिली बड़ी राहतः दलवीर सिंह ढिल्लों

डेली आवाज भारती



धूरी। पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के तहत आज धूरी हलके में स्वास्थ्य कार्डों के वितरण की शुरुआत पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों और मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुल्ली द्वारा की गई। इस मौके पर चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिवार को महंगे इलाज के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि धूरी हलके में स्वास्थ्य कार्डों के वितरण के लिए कुल 23 कैंप लगाए जाएंगे। इसके अलावा आशा वर्करों द्वारा घर-घर जाकर लाभार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जाएंगे, ताकि योजना का लाभ योग्य परिवारों तक पहुंचाया जा सके और कोई भी लाभार्थी इस सुविधा से वंचित न रहे। दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि इस योजना के तहत योग्य लाभार्थियों को 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के दायरे में 817 से अधिक अस्पताल और लगभग 2,300 मेडिकल उपचार पैकेज शामिल हैं, जिससे लोगों को विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने और इलाज के दौरान होने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर मार्केट कमेटी धूरी के चेयरमैन राजवंत सिंह घुल्ली ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों से किए गए वादों को अमली रूप देने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को इलाज के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि धूरी हलके में 23 कैंपों और आशा वर्करों के माध्यम से घर-घर कार्ड वितरण की मुहिम से लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी देने और स्वास्थ्य कार्ड उन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ लेने के लिए स्वास्थ्य कार्ड बनवाएं और सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं। राजवंत सिंह घुल्ली ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और जनकल्याण के क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों का उद्देश्य आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि लोगों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने के लिए ऐसी पहल जारी रहेंगी। इस मौके पर डायरेक्टर अनिल मित्तल, हरप्रीत सिंह गिल सहित बड़ी संख्या में वालंटियर और लाभार्थी मौजूद थे।

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. द्वारा सी.एच.सी. मानांवाला का निरीक्षण

डेली आवाज भारती





अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. द्वारा आज कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सी.एच.सी.) मानांवाला का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल के प्रबंधों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने सी.एच.सी. के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और उपचार करवा रहे मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी फीडबैक प्राप्त की। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति जांचने के साथ-साथ ओ.पी.डी. का भी निरीक्षण किया। अपने दौरे संबंधी जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि सी.एच.सी. मानांवाला के निरीक्षण के दौरान सभी डॉक्टर और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित पाए गए। उन्होंने कहा कि मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही उपचार सेवाओं के बारे में फीडबैक भी लिया गया, जिस दौरान मरीजों ने पंजाब सरकार द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त की। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा पंजाब सरकार की मुख्य प्राथमिकताएं रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्रांति के तहत राज्य सरकार द्वारा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों और अस्पतालों में बड़े स्तर पर सुधार किए गए हैं, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है, जिसका आम लोगों द्वारा भरपूर लाभ लिया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों द्वारा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मिल रही सुविधाओं के प्रति संतुष्टि व्यक्त करना सरकार के प्रयासों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

जीरा में दुकानदार पर गोलियां चलाने वाले चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- गिरफ्तार दोषियों से पिस्टल, दो मोटरसाईकिल, 1 खाली रौंद एवं जाली प्लेटें बरामद

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा की पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत कुछ दिन पहले जीरा में एक दुकानदार पर फायरिंग करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और उनके कब्जे से घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए पिस्टल, मोटरसाईकिल एवं जाली नंबर प्लेटें बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है और पुलिस दोषियों से गहनता से पूछताछ करके जांच कर रही है। इस संबंधी जीरा में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मनजीत सिंह एस.पी (डी) मनजीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले नवां तलवंडी रोड जीरा पर प्लाईवुड की दुकान करने वाले अमन जैन पर अज्ञात व्यक्तियों ने मोटरसाईकिल पर सवार होकर फायरिंग की थी, लेकिन घटना के दौरान उक्त फायर दुकान से शीशे पर लगे और आरोपी वहं से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि उक्त मामलें में बलजिन्द्र सिंह डीएसपी (डी), जसपाल सिंह डीएसपी जीरा की अध्यक्षता में पुलिस ने टीमें बनाकर जांच करते हुए बलविन्द्र सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र साहिब सिंह वासी बस्ती कुंना वाली जीरा, तुशार भट्टी पुत्र कुलवंत सिंह वासी गौदामा की बैक साईड गुरु तेग बहादुर नगर जीरा, जशनदीप सिंह उर्फ जशन पुत्र गुजंट सिंह वासी बस्ती कुंना वाली जीरा व पुष्पिन्द्र सिंह उर्फ न्नु पुत्र लखविन्द्र सिंह वासी गौदामा की बैक साईड गुरु तेग बहादर नगर जीरा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 पिस्टल 9 एम.एम गलौक, 2 बुलेट मोटरसाईकिल, 1 सप्लैंडर मोटरसाईकिल, 1 खोल रौंद, 1 रौंद कासिक्का और जाली नंबर प्लेटें बरामद की है।

10.50 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10.50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर, थाना घल्लखुर्द व थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सुखबीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सीआरपी ग्राऊंड से अक्षय पुत्र बुटा सिंह वासी गांव धीरां वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई हरजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर मनजिन्द्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह वासी गांव उगोके को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 6.50 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सुखदेव सिंह पुत्र फौजा सिंह वासी गांव भड़ाना को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

पुलिस पार्टी पर हमला करने वालों का पुलिस रिमांड लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

- दोषियों ने पुलिस कर्मचारियों पर गाड़ी चढ़ाकर उन्हे मारने की बीते दिन की थी कोशिशःमनजीत सिंह

डेली आवाज भारती



जीरा में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए एस.पी (डी) मनजीत सिंह एवं अन्य अधिकारी।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा पुलिस पर गाड़ी चढ़ाकर उन्हें मारने की कोशिश करने वाले गिरफ्तार दोषियों को पुलिस ने अदालत में पेश करके उनका रिमांड हासिल किया है, तांकि उनसे गहनता से पूछताछ की जा सके और अहम सुहाग हाथ लग सकें। यह जानकारी फिरोजपुर के एस.पी (डी) मनजीत सिंह ने पत्रकारों के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते हुए दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गैंगस्टरों और अपराधिक अनसरों पर रोक लगाने के लिए एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार मुहिम चलाई हुई है और बीते दिन जब जसपाल सिंह डीएसपी जीरा की अध्यक्षता में जीरा सदर के इंस्पैक्टर गुरप्रीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ दोष सतविन्द्र सिंह उर्फ लड्डु पुत्र जंग सिंह वासी ठेठर कलां घल्लखुर्द और हरदीप सिंह उर्फ दीपा पुत्र गुरमीत सिंह वासी घल्लखुर्द और 1 अज्ञात व्यक्ति को फारचूंनर गाड़ी पर आते देख रुकने का ईशारा किया था तो दोषियों ने पुलिस कर्मचारियों को मारने की नियद से उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की थी। जिसके बाद पुलिस ने दोषियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 मोबाईल फोन, 1 पिस्टल 32 बोर समेत मैगजीन और कुल 131 रौद बरामद किए थे। एस.पी (डी) मनजीत सिंह ने बताया कि पुलिस उक्त मामलें में दोषियों से पूछताछ कर रही है और पुलिस ने दोषियों को अदालत में पेश करके उनका रिमांड हासिल किया है, तांकि कुछ अहम सुराग हाथ लग सकें।

रंजिशन युवक को गोलियां मारकर उसकी हत्या करने का मामला..

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन रंजिशन गोलियां मारकर युवक की हत्या करने के मामलें में कार्रवाई करते हुए युवक की मां के बयान पर पांच लोगों सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या एवं अन्य धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के इंस्पैक्टर जतिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरमीत कौर पत्नी रसाल सिंह वासी गांव पधरी ने बताया कि बीती 20 मई को लड़ाई झगड़े की रंजिश को लेकर दोषी जसवंत सिंह पुत्र प्यारा सिंह, रणजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह, सर्बजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह, राजबीर कौर पत्नी रणजीत कौर, पिंदू पत्नी तरसेम सिंह वासी गांव लक्खोके बहराम ने 8 के करीब अज्ञात व्यक्तियों को 2 गाडि ों में भेजकर रैकी रखकर उसके बेटे दविन्द्र सिंह उर्फ दीपू को पिस्तौल से गोलियां मारकर उसकी हत्या की है। मामले की जांच कर रहे जतिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में वार्षिक खेलों के तहत दो दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

डेली आवाज भारती



शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में वार्षिक खेलों में करवाए बॉस्केट बाल मुकाबलों में हिस्सा लेते हुए खिलाड़ी और खिलाड़ियों को आर्शीवाद देते हुए प्रबंधक।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में चल रहे वार्षिक इंट्रा-ईयर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपटीशन 2026 के तहत वाइस चांसलर डा.सुरेश कुमार शर्मा के योग्य मार्ग दर्शन में दो दिवसीय बास्केटबॉल के बेहद रोमांचक और विशेष मुकाबले करवाए गए। इन प्रतियोगिताओं में लड़कों और लड़कियों ने दोनों दिन बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शानदार खेल भावना, तेज-तर्रार रणनीति और आपसी तालमेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डा.गजल प्रीत सिंह (प्रोफेसर, एम.ई विभाग) ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और पोलिंग इवेंट इंचार्ज गुरजीवन सिंह ने बहुत ही दिल से अपनी जिम्मेदारी और ड्यूटी निभाई। मालूम हो कि वार्षिक खेलों को सफल बनाने में स्पोर्ट्स इंचार्ज (गर्ल्स) मैडम नवदीप कौर झज द्वारा प्रोग्राम की हर तैयारी और व्यवस्था को बेहद बारीकी और लगन से निभाया जा रहा है और उनके साथ स्पोर्ट्स इंचार्ज (डिग्री - बॉयज) तलविंदर सिंह भी पूरा सहयोग दिया। बास्केटबॉल के कड़े और रोमांचक मुकाबलों में लडे ों के वर्ग में व्हाइट टीम कप्तान रक्षित नय्यर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्लैक टीम कप्तान हम्माद मोहम्मद दूसरे स्थान पर रही। लड़कियों की प्रतियोगिताओं में ब्लैक टीम कप्तान सुयाशी ने पहला स्थान हासिल किया और व्हाइट टीम कप्तान रमनप्रीत कौर दूसरे स्थान पर रही। इस दौरान वाइस चांसलर डा.सुरेश कुमार शर्मा और रजिस्ट्रार डा.राजीव अरोड़ा ने विजेता टीमों और बढ़-चढ़करर भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और खेल समिति के प्रयासों की सराहना की।

धर्म के रास्ते पर चलकर दुनियावी और रूहानी जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है : साध्वी हरजीत भारती

डेली आवाज भारती



दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की तरफ से आयोजित साप्ताहिक सत्संग प्रोग्राम में प्रवचन करती हुई साध्वी और उपस्थित संगत।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने फिरोजपुर के स्थानीय आश्रम में साप्ताहिक सत्संग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगत ने हिस्सा लिया और सत्संग का फायदा उठाया। प्रोग्राम के दौरान भजन-कीर्तन, रूहानी विचारों और भगवान की भक्ति के ज़रिए संगत को इंसानी जिंदगी के असली मकसद से जोडने का मैसेज दिया गया। सत्संग में आई संगत को संबोधित करते हुए आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी हरजीत भारती ने कहा कि इंसानी जिंदगी सिर्फ़ ऐशो-आराम इकट्ठा करने के लिए नहीं है, बल्कि इस जिंदगी का एक बड़ा रूहानी मकसद भी है। जब इंसान धर्म के सही रास्ते पर चलता है, तो वह अपनी दुनियावी ज़िंदगी को भी सही तरीके से बेहतर बना सकता है और साथ ही अपने अंदर रूहानी शांति और स्थिरता भी ला सकता है। उन्होंने कहा कि जब भी धरती पर पूर्ण संत और महापुरुष अवतरित होते हैं, तो वह इंसानियत को इंसानी जिंदगी की महानता का एहसास कराते हैं। वह इंसान को उसके जन्म का असली मकसद समझाते हैं और उसे उस ब्रह्म ज्ञान से परिचित कराते हैं जो अनादि काल से चला आ रहा है। यह ब्रह्म ज्ञान इंसान को उसके अंदर रहने वाले दिव्य प्रकाश रूपी परमात्मा के दर्शन करवाता है और उसके जीवन में सही दिशा, नैतिकता और आध्यात्मिक तरक्की का भाव भरता है। साध्वी ने कहा कि आज इंसान दुनियावी कामयाबियों की दौड़ में अपनी अंदरूनी शांति भूलता जा रहा है। भौतिक सुख-सुविधाएं तो जरूरी हैं ही, लेकिन इनके साथ-साथ इंसान को अपने अंदरूनी जीवन को भी बेहतर बनाने की जरूरत है। धर्म इंसान को सिर्फ रीति-रिवाजों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे अपने जीवन में सच्चाई, दया, सेवा, संयम और सद्भावना जैसे गुण अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि अगर इंसान अपने जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान अपना ले और अपने कामों को सही दिशा दे, तो वह परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी बेहतर तरीके से निभा सकता है। असली धर्म इंसान को इंसान से जोड़ता है और जीवन में प्यार, शांति और भाईचारे का भाव पैदा करता है। इस मौके पर साध्वी देवेंद्र भारती जी ने भजन-कीर्तन गाए।

हरजीवन हेल्थकेयर फाउंडेशन ने संत बाबा कर्म सिंह जी की 56वीं बरसी पर लगाया गया निःशुल्क होम्योपैथिक मेडिकल कैंप

डेली आवाज भारती



फ्री मेडीकल कैंप में मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): हरजीवन हेल्थकेयर फाउंडेशन द्वारा श्री मान संत बाबा कर्म सिंह जी की 56वीं बरसी के अवसर पर गुरुद्वारा गांव जमीतपुर ढेरू (जिला फिरोजपुर) में एक निःशुल्क होम्योपैथिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान देवगना होम्योपैथिक क्लिनिक सतीयेवाला (फिरोजपुर) से डा.धीरज देवगना ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर लगभग 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और जरूरत के अनुसार मरीजों को मुफ्त दवाएं दीं। इस अवसर पर बातचीत करते हुए डा.धीरज देवगना ने बताया कि होम्योपैथी एक बहुत ही सुरक्षित और सस्ती उपचार प्रणाली है, जिसका लाभ समाज के हर वर्ग के लोग ले सकते हैं। इस कैंप को सफल बनाने में गुरुद्वारा जमीतपुर ढेरू की प्रबंधक कमेटी, बाबा बलविंदर सिंह और कोमल शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर अपना पूर्ण सहयोग दिया।

अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित को फोन करके मांगी 2 करोड़ रुपए की फिरौती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन गांव बस्ती वसावा सिंह दाखली तलवंडी नेपालां के व्यक्ति को फोन करके उससे 2 करोड़ की फिरौती मांगने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई राम सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में अवतार सिंह पुत्र करतार सिंह वासी बस्ती वसावा सिंह दाखली गांव तलवंडी नेपालां ने बताया कि कुछ दिन पहले उसे 94646-10029 से वट्सअपकाल आई की तुमने 12 किले जमीन बेची है, इसलिए तुम मुझे 2 करोड़ रुपए दो नहीं तो मैं तुम्हारा व तुम्हारे परिवार का जानी नुकसान करुंगा। मामले की जांच कर रहे राम सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अवतार सिंह के बयान पर अज्ञात पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी में वार्षिक खेलों के तहत दो दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी फिरोजपुर में चल रहे वार्षिक इंट्रा-ईयर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपटीशन 2026 के तहत वाइस चांसलर डा.सुरेश कुमार शर्मा के योग्य मार्ग दर्शन में दो दिवसीय बास्केटबॉल के बेहद रोमांचक और विशेष मुकाबले करवाए गए। इन प्रतियोगिताओं में लडे ों और लड़कियों ने दोनों दिन बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढे र हिस्सा लिया और शानदार खेल भावना, तेज-तर्रार रणनीति और आपसी तालमेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डा.गजल प्रीत सिंह (प्रोफेसर, एम.ई विभाग) ने खिलाडि ों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और पोलिंग इवेंट इंचार्ज गुरजीवन सिंह ने बहुत ही दिल से अपनी जिम्मेदारी और ड्यूटी निभाई। मालूम हो कि वार्षिक खेलों को सफल बनाने में स्पोर्ट्स इंचार्ज (गर्ल्स) मैडम नवदीप कौर झज द्वारा प्रोग्राम की हर तैयारी और व्यवस्था को बेहद बारीकी और लगन से निभाया जा रहा है और उनके साथ स्पोर्ट्स इंचार्ज (डिग्री - बॉयज) तलविंदर सिंह भी पूरा सहयोग दिया। बास्केटबॉल के कड़े और रोमांचक मुकाबलों में लडे ों के वर्ग में व्हाइट टीम कप्तान रक्षित नय्यर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्लैक टीम कप्तान हम्माद मोहम्मद दूसरे स्थान पर रही। लड़कियों की प्रतियोगिताओं में ब्लैक टीम कप्तान सुयाशी ने पहला स्थान हासिल किया और व्हाइट टीम कप्तान रमनप्रीत कौर दूसरे स्थान पर रही। इस दौरान वाइस चांसलर डा.सुरेश कुमार शर्मा और रजिस्ट्रार डा.राजीव अरोड़ा ने विजेता टीमों और बढ़-चढे र भाग लेने वाले सभी खिलाडि ों को बधाई दी और खेल समिति के प्रयासों की सराहना की।

page 5_Layout 1 21-09-2026 17:48 Page 1

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिले धर्मपाल बांसल

आयुर्वेद के महत्व पर किया विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श

- राज्यपाल को हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में आने का दिया निमंत्रण

डेली आवाज भारती



पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात करते हुए धर्मपाल बांसल चेयरमैन शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग और हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग और हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर के चेयरमैन धर्मपाल बांसल ने बीते दिन पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से विशेष मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के द्वारा 11वें आयुर्वेद दिवस के संबंध में और आयुर्वेद के महत्व पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान हार्मनी कॉलेज के निर्देशक योगेश बांसल भी उनके साथ मौजूद थे। इस मौके पर धर्मपाल बांसल ने माननीय राज्यपाल को हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर में आने के लिए विशेष रूप से निमंत्रण दिया। उन्होंने अनुरोध किया कि माननीय राज्यपाल अपने बहुमूल्य और व्यस्त समय में से समय निकालकर फिरोजपुर की धरती पर अवश्य पधारें और संस्था की गतिविधियों को अपनी उपस्थिति से सम्मानित करें। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का फिरोजपुर आगमन संस्था, विद्यार्थियों, शिक्षकों और सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव का विषय होगा। मुलाकात के दौरान धर्मपाल बांसल ने 11वें आयुर्वेद दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन स्वास्थ्य परंपरा और जीवन जीने की संतुलित पद्धति है। उन्होंने बताया कि हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल द्वारा आयुर्वेद के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और युवा पीढ़ी को इस महान विरासत से जोडने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संस्था द्वारा आयुर्वेद दिवस को समर्पित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में भी चर्चा की गई। बांसल ने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद की वैज्ञानिक और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।

4 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने छापेमारी कर 1 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार की व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय की एस.आई अमनदीप कौर ने बताया कि उन्हों बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी हेरोइन बेचने का आदि है और आज भी नहर पुल मुक्तसर रोड बीड़ हरबंसपुरा में खड़ा हेरोइन बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके राजू पुत्र बुटा सिंह वासी भट्ठा बस्ती को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रही अमनदीप कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में राजू पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

माझा क्षेत्र के प्रवासी भारतीयों की समस्याओं के समाधान के लिए 23 सितंबर को अमृतसर में होगी एनआरआई मिलनी

प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह होंगे मुख्य अतिथि

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) ङ्क पंजाब सरकार द्वारा माझा क्षेत्र से संबंधित प्रवासी भारतीयों की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए 23 सितंबर 2026 को सुबह 10:00 बजे होटल ली-मेरिडियन, अमृतसर में एनआरआई मिलनी आयोजित की जा रही है। इस मिलनी में राज्य के प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस एनआरआई मिलनी में माझा क्षेत्र के अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन जिलों से संबंधित प्रवासी भारतीय भाग लेंगे। मिलनी के दौरान प्रवासी भारतीय अपनी समस्याएं एवं शिकायतें संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे तथा उनके समाधान के लिए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि एनआरआई मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह के अलावा प्रवासी भारतीय मामलों के विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा माझा क्षेत्र के चारों जिलों के प्रशासनिक अधिकारी भी मिलनी में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डिप्टी कमिश्नर ने माझा क्षेत्र से संबंधित सभी प्रवासी भारतीयों से अपील की कि वे 23 सितंबर 2026 को सुबह 10:00 बजे होटल ली-मेरिडियन, अमृतसर में आयोजित होने वाली एनआरआई मिलनी में शामिल होकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार प्रवासी भारतीयों से संबंधित मामलों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान



स्वच्छता ही सेवा अभियान तहत रेलवे स्टेशन पर सफाई करते हुए कर्मचारी।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में 17 सितंबर से 02 अक्तूबर, 2026 तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज अमृतसर, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, फगवाड़ा, लुधियाना एवं फिरोजपुर कैंट सहित प्रमुख स्टेशनों पर मशीनीकृत सफाई कर प्रभावशाली स्वच्छता सुनिश्चित की गई। मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी विशेष सफाई अभियान चलाकर यात्रियों को चार-स्ट्रीम डस्टबिन के माध्यम से अलग-अलग प्रकार के कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने की जानकारी दी जा रही है। रेलवे स्टेशनों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यात्रियों से सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कचरे को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित डस्टबिन में डालने की अपील की जा रही है। स्वच्छता अभियान में यात्रियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अमृतसर, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, लुधियाना एवं फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशनों पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए गए हैं।

इंडियन सिविल सिक्योरिटी कोड, (BNSS), 2023 के सेक्शन 163 के तहत यह ऑर्डर जारी किया

डेली आवाज भारती

अमृतसर/(सलोनी नेहा गिल) : कमिश्नर पुलिस, अमृतसर के अधिकार क्षेत्र में आने वाली गाड़ियों के मालिक और ड्राइवर अपनी गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट हटा रहे हैं, मोड़ रहे हैं, तोड़ रहे हैं, नुकसान पहुंचा रहे हैं, ढक रहे हैं या उनमें कोई और बदलाव कर रहे हैं या बिना वैलिड रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाली गाड़ियां चला रहे हैं। इस वजह से ट्रैफिक स्टाफ और लोकल पुलिस स्टेशनों को गाड़ियों की पहचान करने में मुश्किल हो रही है। यह भी देखा गया है कि धुंधली, बदली हुई या खराब नंबर प्लेट वाली गाड़ियों का इस्तेमाल हिट एंड रन एक्सीडेंट, चेन स्नैचिंग, चोरी, डकैती और दूसरी ऑर्गनाइज्ड क्रिमिनल एक्टिविटी में किया जा सकता है। ऐसी गाड़ियों की आसानी से पहचान न होने की वजह से, पुलिस को क्रिमिनल्स को ट्रैक करने और उनकी जांच करने में मुश्किल होती है। इससे इंसानी जान, सेहत और पब्लिक सेफ्टी को



गंभीर खतरा है। ऐसे वाहनों का उपयोग ष्टष्टञ्जङ्क आधारित ई-चालान यातायात प्रवर्तन से बचने के लिए भी किया जाता है, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन, यातायात सिग्नल तोड़ना और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत अपराध बढ़ सकते हैं। बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (॥स्त्रक्क) वाले या अस्पष्ट/बदली हुई पंजीकरण संख्या प्लेट वाले वाहन सार्वजनिक व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इसलिए, वैध और अस्पष्ट पंजीकरण संख्या प्लेटों के बिना वाहनों के उपयोग को रोकने और यातायात और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित अस्थायी प्रतिबंध लगाना आवश्यक समझा गया है। इसलिए, श्री हरमनबीर सिंह गिल, IPS, पुलिस आयुक्त, अमृतसर शहर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कमिश्नरेट अमृतसर शहर के अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी पेट्रोल पंपों, डीजल डिस्पेंसिंग स्टेशनों और ष्टह्वत्र फिलिंग स्टेशनों को निर्देश दिया है कि वे सभी वाहन मालिकों और ड्राइवरों सहित स्टेशनों के मालिकों, ऑपरेटरों, प्रबंधकों और कर्मचारियों को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करने का निर्देश दें– *1. फ्यूल की सप्लाई पर रोक* अमृतसर कमिश्नरेट के अधिकार क्षेत्र में कोई भी पेट्रोल पंप, डीज़ल डिस्पेंसिंग स्टेशन या ष्टह्वत्र स्टेशन किसी भी टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, फोर-व्हीलर या दूसरी गाड़ी, चाहे वह कमर्शियल हो या प्राइवेट, को पेट्रोल, डीज़ल या ष्टह्वत्र सप्लाई नहीं करेगा, जब तक कि उस गाड़ी के आगे और पीछे दोनों तरफ हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) ठीक से न लगी हो, जो साफ दिखाई दे और कानूनी तौर पर वैलिड हो। यह रोक उन गाड़ियों पर भी लागू होगी जिनकी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट हटा दी गई हो, खराब हो गई हो, मुड़ी हुई हो, टूटी हो, बदली गई हो या उसके साथ छेड़छाड़ की गई हो या जिनके अक्षर/नंबर का रंग या रूप बदला गया हो या किसी और तरीके से मॉडिफाई किया गया हो। कोई भी पेट्रोल पंप/डीज़ल डिस्पेंसिंग स्टेशन किसी भी बोतल, कंटेनर या दूसरे बर्तन में किसी भी अनऑथराइज्ड व्यक्ति को पेट्रोल या डीज़ल सप्लाई नहीं करेगा। हालांकि, यह रोक वैलिड रजिस्ट्रेशन नंबर या वैलिड टेम्परी रजिस्ट्रेशन नंबर दिखाने वाली नई गाड़ियों पर लागू नहीं होगी। इसके अलावा, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और दूसरी ज़रूरी इमरजेंसी सेवाओं के लिए इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों को भी इस रोक से छूट दी जाएगी।

नोटिस बोर्ड लगाने के बारे में निर्देश*

सभी पेट्रोल पंप/ष्टह्वत्र स्टेशन के मालिकों और मैनेजरों के लिए यह ज़रूरी होगा कि वे एंट्रेंस और फ्यूल डिस्पेंसिंग यूनिट के पास पंजाबी और इंग्लिश भाषा में कम से कम 3 × 3 फीट साइज़ का एक साफ़ और बड़े अक्षरों वाला नोटिस बोर्ड लगाएं।

बोर्ड पर यह मैसेज साफ़-साफ़ लिखा होना चाहिए -

अमृतसर सिटी के पुलिस कमिश्नर के आदेश के अनुसार, बिना नंबर प्लेट वाली किसी भी गाड़ी को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। बिना वैलिड रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाली किसी भी गाड़ी को फ्यूल नहीं दिया जाएगा।

3. CCTV/ANPR कैमरे

सभी पेट्रोल पंप/ष्टह्वत्र स्टेशन ऑपरेटर यह पक्का करेंगे कि उनका ष्टष्टञ्जङ्क सिस्टम पूरी तरह से चालू और काम कर रहा हो। एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर आने और जाने वाली सभी गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट कैमरों में जितना हो सके साफ़ रिकॉर्ड की जाएंगी। CCTV/ANPR कैमरे हर समय चालू और काम करते रहेंगे और रिकॉर्ड की गई वीडियो फुटेज कम से कम 30 दिनों तक संभाल कर रखी जाएगी। ज़रूरत पड़ने पर पुलिस अधिकारियों के लिए यह फुटेज देना ज़रूरी होगा।

पुलिस मदद*

अगर कोई पेट्रोल पंप नंबर प्लेट न होने की वजह से गाड़ी को फ्यूल देने से मना करता है और गाड़ी का ड्राइवर कोई झगड़ा करता है, हंगामा करता है, गाली-गलौज करता है या किसी और तरह से लॉ एंड ऑर्डर की समस्या पैदा करता है, तो पेट्रोल पंप ऑपरेटर को तुरंत पास के पुलिस स्टेशन को बताना चाहिए या तुरंत मदद के लिए 112 पर कॉल करना चाहिए।

नियम तोड़ने पर सज़ा*

कोई भी व्यक्ति, जिसमें गाड़ी का मालिक, गाड़ी का ड्राइवर, पेट्रोल पंप का मालिक/ऑपरेटर/कर्मचारी वगैरह शामिल हैं, जो इस नोटिफिकेशन में दिए गए निर्देशों का उल्लंघन करता है या उनकी बात नहीं मानता है, उस पर इंडियन सिविल प्रोटेक्शन कोड, 2023 के सेक्शन 223 और मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के लागू सेक्शन और उससे जुड़े नियमों के तहत केस चलाया जा सकता है।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने रामनगर कॉलोनी की गलियां बनाने के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हल्के की सभी वार्डों में गलियां बनाने के विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे: डॉ अजय गुप्ता

डेली आवाज भारती



अमृतसर,(सलोनी नेहा गिल) केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज वार्ड नंबर 67 के क्षेत्र रामनगर कॉलोनी की सभी गलियों को सीसी फ्लोरिंग से बनवाने के विकास कार्य का उद्घाटन किया। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि रामनगर कॉलोनी में विकास का कोई भी कार्य अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा।केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र की सभी वार्डों में गलियों को बनवाने के विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इन गलियों में सीवरेज और वाटर सप्लाई व्यवस्था को ठीक करवाया गया। अब गलियों को पक्का बनवाने किसी लोगों को भारी राहत मिलेगी। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि हल्के में जिन जिन क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था ठीक नहीं है, वहां वहां पर आने वाले दिनों में नई सीवरेज व्यवस्था डलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए रंगला पंजाब-3 के तहत टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। इसी सप्ताह सीवरेज और वाटर सप्लाई डालने का कार्य शुरू हो जाएगा। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में जिस जगह पर भी सीवरेज ठीक तरह से काम नहीं कर रहा, वहां पर सीवरेज पूरी तरह से ठीक करवा दिया जाएगा। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में जिन जिन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं है, वहां वहां पर लाइटे लगवाने का कार्य शुरू करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हल्के को लोगों को सभी तरह की मूलभूत सुविधाए देने के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जब से वह विधायक बने हैं, पहले दिन से ही लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका पहल के आधार पर हल निकला जा रहा है। पुलिस अवसर पर डिप्टी मेयर अनीता रानी के पुत्र तरुणबीर कैंडी, राजा कुमार, रोम्पी जी,बलजीत कौर ,पवन कुमार,रमन चाचा ,रवि चेंजियारा ,टिंकू कुमार, निशान सिंह, बलबीर सिंह और क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों के तहत क्रिकेटर अंडर-19 लड़कियों की प्रतियोगिता फिरोजपुर में 22 से शुरू

आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ावा देंगी अंडर-19 लड़कियों की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताएं

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्कूल शिक्षा विभाग पंजाब, पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में जिला फिरोजपुर में 70वीं पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेलों (2026-27) के तहत क्रिकेट अंडर-19 लड़कियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता फिरोजपुर में आयोजित की जा रही है। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी फिरोजपुर मुनीला अरोड़ा और उप जिला शिक्षा अधिकारी डा.सतिंदर सिंह नेशनल अवार्डी ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 22 सितंबर से 25 सितंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पंजाब के विभिन्न जिलों से अंडर-19 वर्ग की लड़कियों की टीमें भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि इन राज्य स्तरीय खेलों के आयोजन के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा खेल और शिक्षा के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत मुख्य अतिथियों के रूप में फिरोजपुर जिले के चारों विधायक स.रणबीर सिंह भुल्लर, विधायक फिरोजपुर शहरी, विधायक देहाती रजनीश कुमार दहिया, नरेश कटारिया विधायक जीरा और स.फौजा सिंह सरारी विधायक गुरुहरसहाय शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में खेलों के प्रति रुचि पैदा करना, उनकी खेल प्रतिभा को निखारना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना और उन्हें अपनी क्षमता का प्रदर्शन राज्य स्तर पर करने के लिए मंच प्रदान करना है। क्रिकेट अंडर-19 लड़कियों की यह प्रतियोगिता छात्राओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना को और मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों, स्कूल प्रमुखों, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों और खेल स्टाफ द्वारा इन प्रतियोगिताओं को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं और इस संबंध में आज एम.एल.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजपुर कैंट में बैठक की गई और खेल मैदानों का निरीक्षण किया गया।

गुरुद्वारा नानकसर साहिब छांगा खुर्द में बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने लगाया विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर

डेली आवाज भारती



बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की तरफ से लगाए शिविर में डाक्टर मरीजों को जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बाबा सुच्चा सिंह के नेतृत्व में बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल फिरोजपुर द्वारा रविवार 20 सितंबर 2026 को गुरुद्वारा नानकसर साहिब गांव छांगा खुर्द में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर के दौरान बंगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों की निःशुल्क चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य संबंधी सलाह और उपचार के लिए मार्गदर्शन किया गया। शिविर में जनरल मेडिसिन, गायनेकोलॉजी, जनरल सर्जरी और ऑर्थोपेडिक्स विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर को सफल बनाने के लिए बांगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की ओर से एमडी आशू बांगड़, डा.जैकब भट्टी, डा. राशिका, निशान सिंह, अमित सहित अस्पताल की मेडिकल और अन्य स्टाफ टीम ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई और शिविर में अपनी सेवाएं निभाई। इस अवसर पर बाबा सुच्चा सिंह ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य गांवों और दूर-दराज के इलाकों के लोगों को उनके पास ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मालूम हो कि बंगड़ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की टीम द्वारा शिविर को सफल बनाने के लिए सहयोग देने वाले बाबा सुच्चा सिंह जी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी और समूह सेवादारों का धन्यवाद किया गया।

सातवां आयुष मेडिकल कैंप गुरुद्वारा साहिब ढेरू में आयोजित



सातवें आयुष मेडिकल कैंप में डाक्टर मरीजों की जांच करते हुए।

- कैंप में 586 मरीजों की डाक्टरों ने की मुफ्त जांच

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आयुष आयुक्त पंजाब निर्देशक आयुर्वेद पंजाब डा.रमन खन्ना, निर्देशक होम्योपैथी पंजाब डा.हरजिंदरपाल सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा.रूपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में छठा आयुष मेडिकल कैंप गुरुद्वारा साहिब ढेरू फिरोजपुर में लगाया गया। इस कैंप के दौरान आयुर्वेदिक विभाग की ओर से डा.सुमित मोंगा, डा.सुमन धंजू, डा.प्रवीण कुमार राणा और लवदीप सिंह, सुखप्रीत सिंह, श्रीमती रूथ कौर, उपवैद्य, बलविंदर सिंह, तरसेम सिंह, नीरू रानी (योग इंस्ट्रक्टर) और होम्योपैथी विभाग की ओर से डा.सतनाम सिंह गिल, गुरविंदर सिंह, विकास कुमार डिस्पेंसर ने ड्यूटी निभाई। इस कैंप में 586 मरीजों की जांच की गई और फ्री शुगर टेस्ट किए गए और मुफ्त दवाइयां वितरित की गई।

पत्नी को गल्त बोलने से रोका तो चार लोगों ने पीड़ित को मारपीट कर जख्मी किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम के अंतगर्त पड़ते गांव टाहली वाला में बीते दिन एक व्यक्ति ने जब कुछ लोगों को अपनी पत्नी को छेडने से रोका तो दोषियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। उक्त मामले में पुलिस पीड़ित के बयान पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करनेकी धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता मंगल सिंह पुत्र जगा सिंह वासी गांव चाहली वाला ने बताया कि वह बीते दिन रात करीब 9 बजे अपनी पत्नीके साथ घर की गली में खड़ा था तो वहां पर दोषी चमकीला सिंह पुत्र संता सिंह, बलदेव सिंह पुत्र संता सिंह, जोरा सिंह पुत्र बलदेव सिंह व स्वर्ण सिंह पुत्र बलदेव सिंह वासी गांव टाहली वाला उसकी पत्नी को गल्त बोल रहे थे और जब पीड़ित ने दोषियों को ऐसा करने से रोका तो दोषियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जख्मी कर दिया।

चोरी के बिना नंबरी मोटरसाईकिल सहित पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों पर पुलिस ने चोरी की धाराओं तहत दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके दो लोगों को बिना नंबरी चोरी के मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई बोहड़ सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी मोटरसाईकिल चोरी करके आगे बेचने के आदि है, जोकि आज भी चोरी किया बिना नंबरी मोटरसाईकिल बेचने के लिए फिरोजपुर छावनी बस स्टैंड की तरफ आ रहे है। जिस पर पुलिस ने अनाथ आश्रम के नजदीक नाकाबंदी करके पलविन्द्र सिंह उर्फ पिंद्र पुत्र बहाल सिंह वासी गांव मोहकम वाला उर्फ अराईयां वाला व तनवीर आलम उर्फ राजू पुत्र मुहम्मद फारूक आलम वासी वार्ड नंबर 9 दोधीया वाली गली जीरा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी का बिना नंबरी मोटरसाईकिल बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे बोहड़ सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

आवाज भारती
6 मोहाली, मंगलवार
22 सितंबर 2026

करियर



मध्य प्रदेश सूबेदार और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पदों पर निकली भर्ती

डेली आवाज भारती

भोपाल मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ओर से सूबेदार और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार मध्य प्रदेश में सूबेदार और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। वे 24 सितंबर से इन पदों के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर आवेदन करने की लास्ट डेट आठ अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है। फॉर्म में सुधार करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित है।

जल्द होगी परीक्षाः

सूबेदार और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर लिखित परीक्षा का आयोजन 03 नवंबर, 2026 को किया जाएगा। परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित कराई जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आयोजित कराई जाएगी।

इतनी मिलेगी सैलरीः

सूबेदार के पदों पर चयनित किए गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह 36,200 रुपये से लेकर 1,14,800 रुपये प्रतिमाह और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पदों पर चयनिक किए गए उम्मीदवारों को 19,500 रुपये से लेकर 62,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यताः आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की हो। इसके साथ ही उम्मीदवारों के पास पद से संबंधित अन्य पात्रताएं भी होनी चाहिए।



आयु-सीमाः

उम्मीदवारों की आयु की गणना 08 अक्टूबर, 2026 के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 33 वर्ष निर्धारित है। रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।

रजिस्ट्रेशन फीसः

सूबेदार और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान भी करना होगा। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपये, एससी एवं एसटी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 250 रुपये निर्धारित है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपये निर्धारित है।

हिट्स भर्ती 2026 :चीफ मैनेजर सहित 21 पदों पर आवेदन शुरू, 40 से 47 वर्ष वालों के लिए सुनहरा मौका

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । नौकरी की तलाश में जुटे लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड की एक 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन मिनी रत्न पीएसयू एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसेज लिमिटेड (हिट्स) ने चीफ मैनेजर सहित विभिन्न 21 पदों पर रिक्तियों की घोषणा एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। हिट्स की ओर से जारी 21 रिक्तियों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - डिजाइन, सीनियर ऑपरेशन्स मैनेजर (स्ट्रक्चरल) का 1; इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - डिजाइन, सीनियर ऑपरेशन्स मैनेजर (एचवीएसी) का 1; इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - डिजाइन, सीनियर ऑपरेशन्स मैनेजर (इलेक्ट्रिकल) का 1; इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - डिजाइन, सीनियर ऑपरेशन्स मैनेजर (प्लंबिंग) का 1;



इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - डिजाइन, ऑपरेशन्स मैनेजर (बीएमई) के 2; इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - डिजाइन, ऑपरेशन मैनेजर (क्वांटिटी सर्वेयर) के 2; इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - एग्जीक्यूशन, चीफ मैनेजर (सिविल) के 3; इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - एग्जीक्यूशन, सीनियर ऑपरेशन्स मैनेजर (एमईपी) के 5; और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट - एग्जीक्यूशन, ऑपरेशन्स मैनेजर (सिविल) के 5 पद शामिल हैं। इन सभी पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 19 सितंबर से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक तय की गई है। ऐसे में जो पात्र और इच्छुक उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे हिट्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि की शाम 6 बजे तक या उससे पहले अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर सकते हैं।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से पद से संबंधित विषय के अनुसार पूर्णकालिक बीई/बीटेक/डिप्लोमा या एमई/एमटेक होनी चाहिए। इसके अलावा कैंडिडेट्स के पास पद के अनुसार प्रासंगिक क्षेत्र में निर्धारित 3 से 10 वर्षों का अनुभव होना भी अनिवार्य है। आवेदकों की अधिकतम आयु पद के अनुसार 40 से 47 वर्ष के बीच तय की गई है, जिसकी गणना 1 सितंबर 2026 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित श्रेणी से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। योग्य अभ्यर्थियों का चयन आवेदनों की स्क्रीनिंग के आधार पर शॉर्टलिस्ट और इंटरव्यू/स्किल असेसमेंट टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में उम्मीदवारों को अलग-अलग सूचना भेजी जाएगी। वहीं चयनित कैंडिडेट्स की सैलरी चीफ मैनेजर पद के लिए 29,100 से 54,500 रुपए, सीनियर ऑपरेशन्स मैनेजर के लिए 24,900 से 50,500 रुपए और ऑपरेशन्स मैनेजर के लिए 20,600 से 46,500 रुपए के बीच प्रतिमाह होगी। इसके अलावा कैंडिडेट्स को अन्य लाभ और भत्ते भी दिए जाएंगे।

हरियाणा में फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर भर्ती, 28 सितंबर से आवेदन होंगे शुरू

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग (HPSC) ने फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। इन पदों पर नौकरी के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 28 सितंबर 2026 से HPSC की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। संबंधित विषय में डिग्री जरूरी फूड सेफ्टी ऑफिसर पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में स्नातक, स्नातकोत्तर या पीएचडी की निर्धारित योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवारों को आवेदन से पहले आधिकारिक भर्ती अधिसूचना में दी गई शैक्षणिक योग्यता और अन्य पात्रता शर्तों को



जरूर जांचना होगा।

34,800 से 35,400 रुपये तक वेतन

चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित वेतनमान के अनुसार 34,800 रुपये से 35,400 रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा नियमानुसार अन्य भत्ते एवं सुविधाएं भी मिल सकती हैं। हरियाणा के उम्मीदवारों और दिव्यांगों को शुल्क में छूट भर्ती के लिए आवेदन शुल्क उम्मीदवार की श्रेणी के अनुसार निर्धारित किया गया है। हरियाणा राज्य के सभी उम्मीदवारों और दिव्यांगजन के लिए आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। अन्य राज्यों के उम्मीदवारों को निर्धारित श्रेणी के अनुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

18 से 42 वर्ष तक आयु सीमा

उम्मीदवारों की आयु की गणना 19 अक्टूबर 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 42 वर्ष निर्धारित है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

ऐसे कर सकेंगे आवेदन

आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद उम्मीदवार इन चरणों के जरिए फॉर्म भर सकेंगे–

HPSC की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।संबंधित Food Safety Officer Recruitment 2026 लिंक पर क्लिक करें।रजिस्ट्रेशन कर लॉगिन करें।आवेदन फॉर्म में आवश्यक व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जानकारी भरें।जरूरी दस्तावेज अपलोड करें।लागू होने पर आवेदन शुल्क जमा करें।फॉर्म सबमिट कर उसकी कॉपी सुरक्षित रख लें। उम्मीदवार आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना में पदों की संख्या, चयन प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, शुल्क और अन्य शर्तों की पुष्टि जरूर करें।

बीएमएचआरसी भर्ती 2026: नर्सिंग ऑफिसर सहित 66 पदों पर भर्ती जारी, जानें योग्यता और सैलरी



डेली आवाज भारती

भोपाल । भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) ने सीधी भर्ती के तहत ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के खाली 66 पदों पर भर्ती के लिए अपनी वेबसाइट पर एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। बीएमएचआरसी की ओर से जारी कुल 66 रिक्तियों में ग्रुप-बी के 31 और ग्रुप-सी के 35 पद शामिल हैं। ग्रुप-बी के 31 पदों में इंजीनियर-सिविल का 1, ट्यूटर-नर्सिंग कॉलेज के 5, नर्सिंग ऑफिसर के 14, मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर का 1, असिस्टेंट अकाउंट्स ऑफिसर के 2, वार्डन का 1, परफ्यूजनिस्ट ग्रेड-द्वितीय का 1, डायटीशियन का 1, साइकियाट्री टेक्नीशियन का 1, मेडिकल सोशल वर्कर के 3 और असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर का 1 पद शामिल है। ग्रुप-सी के 35 पदों में टेक्नीशियन-नॉन-मेडिकल के 2, टेक्नीशियन-मेडिकल के 16, फार्मासिस्ट का 1, स्टोर इंचार्ज का 1, स्टोर कीपर का 1, पर्सनल असिस्टेंट के 7, अटेंडेंट-मेडिकल के 6 और ईसिनरेटर ऑपरेटर का 1 पद शामिल हैं। वहीं, टेक्नीशियन-मेडिकल के 16 पदों में एनेस्थीसिया के 2, ब्लड ट्रांसफ्यूजन के 2, जीआई सर्जरी का 1, ऑर्थोपेडिक्स का 1, सीएसएसडी का 1, मैनिफोल्ड के 3, पल्मोनरी मेडिसिन का 1, रेडियोग्राफर के 2 और पैथोलॉजी के 3 पद शामिल हैं।

इन सभी पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 17 सितंबर की सुबह 10 बजे से जारी है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर तक तय की गई है। ऐसे में जो उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे बीएमएचआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि की शाम 5 बजे तक या उससे पहले अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। वहीं आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक तय की गई है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान/विश्वविद्यालय से पद से संबंधित विषय के अनुसार ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन, डिप्लोमा, 10वीं के साथ आईटीआई सर्टिफिकेट, 12वीं उत्तीर्ण होने के साथ 2 वर्ष का डिप्लोमा आदि योग्यता होनी चाहिए। इसके अलावा, कैंडिडेट्स के पास पद के अनुसार प्रासंगिक क्षेत्र में निर्धारित 1 से 3 वर्षों का अनुभव होना भी जरूरी है। आवेदकों की अधिकतम आयु पद के अनुसार 27 से 30 वर्ष के बीच तय की गई है, जिसकी गणना आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी। वहीं, आरक्षित श्रेणी से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है।

योग्य अभ्यर्थियों का चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी), पर्सनल असिस्टेंट पद के लिए स्किल टेस्ट, दस्तावेजों की जांच और मेडिकल फिटनेस के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद चयनित कैंडिडेट्स की सैलरी पद के अनुसार 19,900 से 1,42,400 रुपए के बीच प्रतिमाह होगी। इसके अलावा कैंडिडेटेस को अन्य लाभ और भत्ते भी दिए जाएंगे। आवेदन पत्र भरते समय उम्मीदवारों को अपने वर्ग के अनुसार निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा, जो जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए 590 रुपए तय किया गया है। वहीं, एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूबीडी/ महिलाएं और पूर्व-सैनिक को रजिस्ट्रेशन फीस में छूट दी गई है। कैंडिडेट्स को भर्ती, योग्यता, चयन प्रक्रिया, आदि से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए बीएमएचआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर संबंधित पदों के लिए जारी विस्तृत नोटिफिकेशन को चेक करने की सलाह दी जाती है।

केवीआईसी भर्ती 2026 : यंग प्रोफेशनल समेत 50 पदों पर आवेदन जारी, 30 सितंबर तक भरें फॉर्म

डेली आवाज भारती

मुंबई । नौकरी की तलाश में जुटे लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवरों (यंग प्रोफेशनल) सहित विभिन्न 50 पदों पर पात्र उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अलग-अलग नोटिफिकेशन जारी करके उम्मीदवारों से आवेदन मांगें हैं। केवीआईसी की ओर से जारी 50 रिक्तियों में यंग प्रोफेशनल के 20, सलाहकार के 15 और सीनियर कंसल्टेंट के 15 पद शामिल हैं। केवीआईसी ने जिन विभागों में यंग प्रोफेशनल के 20 पदों पर भर्ती निकाली है, उनमें



अकाउंट्स/ऑडिट में 5, एचआर और एडमिन में 4, खादी में 3, लीगल में 3, मार्केटिंग में 1, डिजाइन और ड्रॉइंग में 1, साइंस और टेक्नोलॉजी में 1 और पब्लिसिटी में 2 पद शामिल हैं। सलाहकार के 15 पदों में अकाउंट्स/ऑडिट में 3, खादी कच्चा माल में 3, प्रशासन एवं मानव संसाधन में 2, खादी में 2, कानूनी में 2, संपदा एवं सेवाएं में 1, मार्केटिंग में 1 और स्फूर्ति में 1 पद शामिल हैं। वहीं, सीनियर कंसल्टेंट के 15 पदों में अकाउंट्स/ऑडिट में 3, खादी रॉ मटेरियल्स में 2, एडमिनिस्ट्रेशन और एचआर में 2, खादी में 2, लीगल में 1, एस्टेट और सर्विसेज में 2, मार्केटिंग में 1, स्फूर्ति में 1 और साइंस व टेक्नोलॉजी में 1 पद शामिल हैं। इन सभी पोस्ट के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया जारी है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक तय की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे केवीआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर सकते हैं।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से पद से संबंधित विषय के अनुसार ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा, कैंडिडेट्स के पास पद के अनुसार प्रासंगिक क्षेत्रों में निर्धारित कम से कम 5 वर्षों का अनुभव होना भी जरूरी है।आवेदकों की अधिकतम आयु यंग प्रोफेशनल पद के लिए 27 वर्ष तय की गई है, जिसकी गणना 1 अक्टूबर 2026 के आधार पर की जाएगी। सलाहकार पद के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 40 और अधिकतम आयु 65 वर्ष तय की गई है। वहीं, सीनियर कंसल्टेंट पोस्ट के लिए अभ्यर्थियों की आयु 39 वर्ष से कम होनी चाहिए। सलाहकार और सीनियर कंसल्टेंट पदों के लिए आयु की गणना आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी। वहीं, आरक्षित श्रेणी से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

आईटीआई में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए आवेदन आज

डेली आवाज भारती

भीलवाड़ा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2026-27/28 के लिए एनसीवीटी/एससीवीटी योजनान्तर्गत रिक्त रही सीटों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के उपनिदेशक (प्रशिक्षण) सूरज पंवार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के एकीकृत एसएसओ



पोर्टल अथवा ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से 16 सितंबर से 22 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जमा कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि रिक्त सीटों पर संस्थान स्तर से प्रवेश प्रक्रिया 22 सितंबर को दोपहर 2 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी।

एसटीपीआई में अप्रेंटिस के पदों पर नियुक्ति का अवसर, ग्रेजुएट्स 30 सितंबर तक करें आवेदन

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। देश के किसी प्रतिष्ठित संस्थान से जुड़कर अपने करियर की शुरुआत करने के इच्छुक युवाओं के लिए अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई), नई दिल्ली ने विभिन्न लोकेशन में एक वर्ष की अवधि के लिए अप्रेंटिस के कुल 15 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। एसटीपीआई ने जिन लोकेशन्स में अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली है, उनमें मुख्यालय में 2, बेंगलुरु में 2, भुवनेश्वर में 2, चेन्नई में 1,



गुवाहाटी में 1, गुरुग्राम में 1, हैदराबाद में 2, नोएडा में 2, मोहाली में 1 और पुणे में 1 पद शामिल है। इन रिक्तियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 14 सितंबर से जारी है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक तय की गई है। ऐसे में जो पात्र और इच्छुक उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरना चाहते हैं, वे एसटीपीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय अंतिम तिथि तक या उससे पहले अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर सकते हैं, हालांकि इसके पहले अभ्यर्थियों का एनएटीएस पोर्टल पर रजिस्टर होना भी अनिवार्य है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक)/बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) (इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन/टेलीकम्युनिकेशन/कंप्यूटर साइंस/इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) में या आर्ट्स/कॉमर्स/एडमिनिस्ट्रेशन आदि में बैचलर डिग्री होनी चाहिए।

CMYK

page 7_Layout 1 21-09-2026 15:30 Page 1

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने की गृह मंत्री अमित शाह से खास मुलाकात

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से खास मुलाकात की। गंभीर ने भगवान गणेश की मूर्ति भी गृह मंत्री को भेंट में दी। गौतम गंभीर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर लिखा, ÷गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक सौहार्दपूर्ण मुलाकात। उनके समय और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता हूं।÷ गौतम गंभीर की अगुवाई में भारतीय टीम का प्रदर्शन अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में खेली गई टी20 इंटरनेशनल सीरीज में शानदार रहा। भारत ने टी20 सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों



का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा ने खासतौर पर अपनी तूफानी बैटिंग से सुर्खियां बटोरीं। अभिषेक ने दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में सिर्फ 30 गेंदों में शतक लगाया। वह फुल मेंबर देशों की ओर से टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। वहीं, संजू सैमसन और ईशान किशन का प्रदर्शन भी दमदार रहा। गौतम गंभीर के हेड कोच पद संभालने के बाद से भारतीय टीम का प्रदर्शन आईसीसी टूर्नामेंट्स में अच्छा रहा है। साल 2025 में टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब पर कब्जा जमाया। इसके बाद 2026 में भारतीय टीम टी20 विश्व कप में सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव करने में सफल रही। हालांकि, भारतीय टीम को गंभीर की अगुवाई में घरेलू सरजमीं पर पहली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी। इसके साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय टीम अब एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने के लिए जापान पहुंची है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम अपने गोल्ड मेडल का बचाव करने उतरेगी। टीम इंडिया एशियन गेम्स में अपने अभियान का आगाज 28 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल मैच के साथ करेगी। हालांकि, इससे पहले टीम को जापान के खिलाफ पहली बार टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेलना है, जो 22 सितंबर (मंगलवार) को खेला जाना है।

युवा केवल देश का भविष्य नहीं बल्कि भारत की वर्तमान ताकत : नितिन नवीन

डेली आवाज भारती

मेरठ । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को युवाओं को नशे और शॉर्टकट से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि युवा रील नहीं, रियल को जिएं और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में सबसे आगे रखें। सुभारती विश्वविद्यालय के मांगल्य ऑडिटोरियम में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि भारत की वर्तमान ताकत हैं। दुनिया में बड़े बदलाव हमेशा युवाओं के कंधों पर सवार होकर हुए हैं। नितिन नवीन ने कहा कि आज भारत के पास करोड़ों युवाओं की शक्ति है और यही शक्ति देश की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाई दे रही है। अंतरिक्ष से स्टार्टअप और खेल से तकनीक तक भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचार का उल्लेख करते हुए कहा कि 100 ऊर्जावान और निष्ठावान युवा देश का भाग्य बदल सकते हैं। उन्होंने युवाओं को नशे और



शॉर्टकट के बढ़ते प्रभाव से सावधान करते हुए कहा कि आज के समय में ये दोनों चीजें युवाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही हैं। युवाओं को इनसे बचना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नशे के खिलाफ कई अभियान चलाए हैं। युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाते हुए मेहनत और निरंतरता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने युवाओं से कहा कि सरकार अवसर और मंच तैयार कर सकती है, लेकिन उस मंच पर प्रदर्शन युवाओं को ही करना होगा। उन्होंने कहा कि युवा जिस भी क्षेत्र में हैं, उसमें खुद को बेहतर बनाएं। देश के विकास में योगदान देने के लिए राजनीति में आना ही जरूरी नहीं है। इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, उद्यमी और दूसरे क्षेत्रों में काम करने वाले युवा भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

नितिन नवीन ने युवाओं से सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में उलझने के बजाय वास्तविक जीवन में अपनी क्षमता साबित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अनुशासन और निरंतरता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उनका कहना था कि जब युवा सोचता है तो देश आगे बढ़ता है और जब युवा संकल्प लेता है तो नए युग का निर्माण होता है। उन्होंने मेरठ के खेल उद्योग को युवाओं की प्रतिभा और मेहनत का उदाहरण बताया। कहा कि खेल नगरी मेरठ का हुनर क्रिकेट बैट, हॉकी स्टिक, बैडमिंटन रैकेट और बॉक्सिंग ग्लव्स के रूप में दुनिया तक पहुंच रहा है।

आज का युवा समझदार है, कोई भी डूबते जहाज पर चढ़ना नहीं चाहता और कांग्रेस का जहाज तो डूब रहा है : अनिल विज

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री करने और उनकी मां बारे टिप्पणी करने पर के । पलटवार किया और कहा कि राहुल गांधी हिंदुस्तान की संस्कृति को नहीं जानते, मां का क्या स्थान है वो जानते नहीं है और छात्रों को भी खराब कर रहे हैं उनको अच्छे संस्कार देने की बजाय उनकी आदतें बिगाड़ रहे हैं ताकि वह भी जाकर अपनी मां का अपमान करें। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि अभी राहुल गांधी भागे-भागे घूम रहे हैं और वह सोचते हैं, इससे उनका राजनीतिक कद बढ़ेगा लेकिन राजनीतिक कद का मतलब प्रजातंत्र में वोट से होता है और राहुल युवाओं के पीछे दौड़ रहे हैं। इसका नतीजा दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव में इनके



उम्मीदवार को हराकर एबीवीपी ने इनका जवाब दे दिया है और पंजाब यूनिवर्सिटी में एबीवीपी ने चुनाव जीत के इनका जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि आज का यूथ बहुत समझदार है जबकि इनको गलतफहमी है। लोग इनकी शक्ल देखने के लिए आ जाते हैं लेकिन इनके साथ नहीं है क्योंकि कोई भी डूबते जहाज में चढ़ना नहीं चाहता और कांग्रेस का जहाज तो डूब रहा है। वंदे मातरम विवाद पर कांग्रेस के आरोपों पर मंत्री अनिल विज का पलटवार ङ्क कहा, ÷हमारी दुनिया में सब सही, कांग्रेस के दिमाग में क्या चल रहा है वही जानें वंदे मातरम विवाद पर कांग्रेस विधायक डॉ. एचडी रंगनाथ के आरोप की भाजपा ने कभी भारतीय राष्ट्रगान का सम्मान नहीं किया है जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं, राष्ट्रगान भी गाते हैं राष्ट्रगीत भी गाते हैं अब इनकी दुनिया में क्या चल रहा है इस बारे में तो वही जानते हैं लेकिन हमारी दुनिया में तो सब कुछ सही हो रहा है। मंत्री विज ने कहा कि भाजपा ने कभी भी महात्मा गांधी की हत्या करने वाले का नाम नहीं लिया।एसआईआर चुनाव आयोग का निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक अभियान है, उसमें सरकार का कोई दखल नहीं ¯ अनिल विज

कांग्रेस ने एसआईआर को 'शाह द्वारा प्रेरित हटाना' बताया और मतदाताओं के नाम 'असामान्य रूप से बड़ी संख्या' में हटाए जाने पर चिंता जताई, के सवाल पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि एसआईआर चुनाव आयोग का निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक अभियान है।

पंजाब में शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा की चौथी 'नशा मुक्त पंजाब' यात्रा को दिखाई हरी झंडी, पीड़ित परिवारों से मिले



डेली आवाज भारती

बठिंडा । केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को बठिंडा के तलवंडी साबो से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चौथी %नशा मुक्त पंजाब यात्रा% को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने वादा किया कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनने के छह महीने के भीतर राज्य से नशा आपूर्ति नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को तलवंडी साबो पहुंचने के बाद तख्त श्री दमदमा साहिब में माथा टेका। इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, मनप्रीत सिंह बादल और रवनीत सिंह बिट्टू सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों के साथ नशा पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की। गांव के लोगों ने खुलकर बोला कि पंजाब में नशा बहुत ज्यादा बिक रहा है। नशा तस्करों के हौसले बुलंद हैं। प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि पंजाब में आज नशा बहुत ज्यादा बिक रहा है। भारतीय जनता पार्टी इसको खत्म करेगी, ये लोगों में विश्वास है। जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनने के छह महीने के भीतर राज्य से नशा आपूर्ति नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा।

कोलकाता में ममता बनर्जी गुट के पार्टी दफ्तर में तोड़फोड़, पुलिस कर रही जांच

डेली आवाज भारती

कोलकाता । कोलकाता पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार रात दक्षिण कोलकाता के जादवपुर इलाके में बदमाशों ने कथित तौर पर ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के एक दफ्तर में तोड़फोड़ की। रविवार रात को कथित तौर पर ऑफिस का दरवाजा तोड़ दिया गया और फर्नीचर व अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया गया। यह घटना उस इलाके में पूर्व तृणमूल विधायक देबब्रत मजूमदार के पार्टी ऑफिस और घर पर हमले के एक दिन बाद हुई। ममता गुट के तृणमूल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जब वे इस घटना के बाद शहर की विद्यासागर कॉलोनी नंबर 4 स्थित ऑफिस पहुंचे, तो उन्होंने सोफा सेट को पलटा हुआ पाया। उन्होंने यह भी कहा कि दीवार पर लगा पार्टी का झंडा फटा हुआ और बिखरा पड़ा था। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि पानी का जग टूटा हुआ था और ऑफिस के अंदर एक अलमारी को खंगालने और उसमें तोड़फोड़ करने



की कोशिश की गई थी। ममता गुट के नेताओं का आरोप है कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में काम करने वाले उपद्रवियों ने हमले की साजिश रची थी। हालांकि भाजपा ने इस आरोप से इनकार किया है।

हालांकि, ममता गुट द्वारा जारी वीडियो फुटेज में किसी राजनीतिक पार्टी का झंडा साफ तौर पर नहीं दिखा और न ही किसी खास व्यक्ति की पहचान हो सकी। भाजपा नेताओं ने आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि यह घटना तृणमूल के अंदरूनी गुटों के झगड़े का नतीजा है। इस घटना के संबंध में नेताजी नगर पुलिस स्टेशन को ईमेल के जरिए शिकायत भेजी गई। एक स्थानीय ममता तृणमूल कार्यकर्ता ने कहा कि हमारे पार्टी ऑफिस में भाजपा समर्थित उपद्रवियों ने तोड़-फोड़ की। हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने जाधवपुर में जांच शुरू कर दी है और शामिल लोगों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। इस घटना के सिलसिले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। शनिवार रात, उपद्रवियों के एक समूह पर जादवपुर में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के कई ऑफिसों में तोड़फोड़ करने और पूर्व तृणमूल कांग्रेस विधायक देबब्रत मजूमदार के घर और पार्टी ऑफिस पर हमला करने का भी आरोप था। पुलिस ने रविवार सुबह बताया कि मोटरसाइकिल सवार उपद्रवियों के एक गिरोह ने कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कम से कम छह वार्डों में पार्टी ऑफिसों में जमकर तोड़फोड़ की। हमलावरों ने कथित तौर पर पार्टी के झंडे नीचे गिरा दिए और उन्हें जमीन पर फेंक दिया।

गुजरात : मिट्टी के कारीगरों ने राज्य मेले में 23,542 गणेश मूर्तियां बेचकर 5 करोड़ की कमाई की

डेली आवाज भारती

गांधीनगर । गुजरात माटीकाम कलाकारी और ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान ने सोमवार को बताया कि इस महीने राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय मेले में पूरे गुजरात में मिट्टी से बनी पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाओं की 23,500 से ज्यादा मूर्तियां बिकीं, जिससे 361 रजिस्टर्ड कारीगरों को लगभग पांच करोड़ रुपए की कमाई हुई। कॉटेज और ग्रामीण उद्योग विभाग के तहत संस्थान द्वारा 8 से 14 सितंबर तक आयोजित 'माटी मूर्ति मेला-2026' में अहमदाबाद, वडोदरा और सूरत की पांच जगहों पर मिट्टी की 23,542 मूर्तियां बिकीं। राज्य सरकार ने हिस्सा लेने वाले कारीगरों को 'इस्तेमाल के लिए तैयार' 186 टन मिट्टी दी और 100 प्रतिशत सब्सिडी के तहत मुफ्त में बिक्री के



स्टॉल उपलब्ध कराए।

पांच जगहों में से अहमदाबाद के वस्त्रपुर स्थित अहमदाबाद हाट में सबसे ज्यादा कमाई हुई, जहां बिक्री 1.91 करोड़ रुपए से ज्यादा रही। सूरत के अदाजन में सबसे ज्यादा मूर्तियां बिकीं; यहां 7,920 मूर्तियों की बिक्री से 1.11 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई हुई।

वडोदरा के पारसी अगियारी मैदान में 79 स्टॉलों पर 85.77 लाख रुपए की बिक्री हुई जबकि साबरमती रिवरफ्रंट पर 124 स्टॉलों पर 77.99 लाख रुपए की बिक्री दर्ज की गई। अहमदाबाद के बोपल हस्तकला हाट में 30 स्टॉलों के जरिए 32.55 लाख रुपए की बिक्री हुई।

यह मेला राज्य सरकार की उन कोशिशों का हिस्सा है, जिनका मकसद गणेशोत्सव के दौरान प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्तियों के विकल्प के तौर पर मिट्टी की मूर्तियों को बढ़ावा देना है।

राज्य सरकार के मुताबिक, 2014-15 तक गुजरात में गणेश की लगभग 90 प्रतिशत मूर्तियां पीओपी से बनती थीं। चूंकि पीओपी पानी में घुलता नहीं है और इससे जलीय जीवन और जल स्रोतों पर असर पड़ सकता है, इसलिए सरकार ने 2015-16 में 'मिट्टी की मूर्ति बनाने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना' शुरू की।

इस योजना के तहत, रजिस्टर्ड कारीगरों को 50 प्रतिशत सब्सिडी वाली दर पर 'इस्तेमाल के लिए तैयार' मिट्टी मिलती है। साथ ही, मुफ्त बिक्री स्टॉल और मेले के लिए रोज़ाना 1,000 रुपए की मदद भी दी जाती है।

सरकार ने कहा कि पिछले दशक में लागू किए गए उपायों से पूरे राज्य में पीओपी की मूर्तियों के इस्तेमाल में कमी आई है।

इस पहल में शिक्षा से जुड़ा पहलू भी शामिल था, जिसके तहत 10 जिलों के 302 स्कूलों के 84,500 से ज्यादा छात्रों ने मिट्टी की मूर्ति बनाने के लाइव डेमो और खुद से करने वाली गतिविधियों में हिस्सा लिया। पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' के तहत ये कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

इस कार्यक्रम से उन कारीगर परिवारों की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए, जो घर पर मूर्तियां बनाने और उन्हें सजाने का काम करती हैं।

संस्थान ने कहा कि यह योजना कारीगरों को केवल आर्थिक मदद देने से कहीं आगे बढ़ गई है; इसका मकसद पारंपरिक हुनर और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों की आजीविका में भी मदद करना है।

सरकार आने वाले सालों में भी ऐसे मेले जारी रखने की योजना बना रही है, ताकि आत्मनिर्भर गुजरात से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को बढ़ावा दिया जा सके।

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी से 'पद्म श्री' पुरस्कार वापस लेने की मांग, हिंदू सेना ने लिखा अमित शाह को पत्र

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की 'हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता' टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए 'हिंदू सेना' संगठन ने 'पद्म श्री' पुरस्कार वापस लेने की मांग की है। संगठन ने हामिद अंसारी पर हिंदू-विरोधी बयान देने और राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के आरोप लगाए हैं। 'हिंदू सेना' संगठन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है। संगठन ने बहुसंख्यक हिंदू समुदाय और दक्षिणपंथी विचारधारा को निशाना बनाने वाले हामिद अंसारी के हालिया सार्वजनिक बयानों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि खराब करते हैं और सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। पत्र



में कहा गया, ÷देश के सबसे ऊंचे संवैधानिक पदों पर रहने के बावजूद पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने अपने कार्यकाल के दौरान और उसके बाद भी बार-बार ऐसे काम किए और बयान दिए हैं, जिनसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और सांस्कृतिक ताने-बाने पर गंभीर सवाल उठते हैं। एक आधिकारिक बयान में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने हामिद अंसारी के पिछले व्यवहार और हालिया सार्वजनिक बयानों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें सम्मानित करते रहना राष्ट्रीय पुरस्कारों की गरिमा का अपमान है। हिंदू सेना ने कहा कि 'पद्म श्री' जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार उन लोगों के लिए होते हैं जो देश के प्रति अटूट समर्पण दिखाते हैं। ये सम्मान उन लोगों के पास नहीं रहने चाहिए, जिन पर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के गंभीर आरोप हों। विष्णु गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने के गंभीर आरोपों और हिंदू समुदाय को बार-बार निशाना बनाए जाने को देखते हुए हामिद अंसारी ने भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक को अपने पास रखने का नैतिक अधिकार खो दिया है। हम केंद्रीय गृह मंत्रालय से आग्रह करते हैं कि वह तुरंत उनका %पद्म श्री% सम्मान वापस ले और इन मामलों की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दे।

बिहार : जमुई में लड़के-लड़की से अभद्रता के मामले में तीन गिरफ्तार, महिला आयोग ने लिया संज्ञान

डेली आवाज भारती

जमुई । बिहार के जमुई जिले में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना जमुई टाउन थाना क्षेत्र के मड़वा गांव की बताई जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में राज्य महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बाइक सवार लड़के और लड़की को कुछ लोग रास्ते में रोक लेते हैं। वीडियो में लड़की के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किए जाने का दृश्य दिखाई देता है। लड़की वहां मौजूद लोगों से हाथ जोड़कर उन्हें जाने देने की अपील करती नजर आ रही है। वह कहती सुनाई देती है, ÷बच्चा हैं, जाने दीजिए। अब कभी नहीं आएंगे।÷ इस दौरान मौके पर कई अन्य लोग भी मौजूद दिखाई दे रहे हैं। जमुई के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि पुलिस को घटना से




संबंधित वीडियो मिले थे। वीडियो के आधार पर पीड़िता की पहचान की गई और उसका बयान दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के बयान से पता चला कि घटना 19 सितंबर की शाम करीब सात बजे की है। एसपी ने बताया कि वीडियो के फ्रेम में छह-सात लोग दिखाई दे रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों की पहचान पुलिस ने कर ली थी। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आगे की जांच कर यह पता लगाने में जुटी है कि घटना में और कौन-कौन लोग शामिल थे। इस मामले में राज्य महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा कि उन्होंने वीडियो के माध्यम से घटना की जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि वीडियो में एक किशोरी लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना दिखाई दे रही है। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में जमुई के जिलाधिकारी से बात की है। जिलाधिकारी ने उन्हें बताया कि घटना लखीसराय और जमुई की सीमा के पास शाम के समय हुई थी और यह 19 सितंबर की घटना है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर ली गई है और प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि सोमवार शाम तक मामले में हुई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि वह इस मामले में जमुई के पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजेंगी और घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जानकारी लेंगी। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो, पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच जारी है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

जग्गा सिंह के खिलाफ दर्ज हैं 9 एफआईआर, दुष्कर्म का भी चल रहा मामला: संगरूर पुलिस

डेली आवाज भारती

संगरूर । पंजाब के जनपद संगरूर के निवासी जग्गा सिंह के आत्महत्या की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सोमवार को रवजोत कौर ग्रेवाल ने बताया कि जग्गा सिंह खुद एक अपराधी है। इसके खिलाफ 9 एफआईआर दर्ज हैं। साथ ही, उस पर एक दुष्कर्म का मामला है। संगरूर के नामोल गांव के निवासी जग्गा सिंह ने पिछले दिन डीसी कार्यालय के बाहर जहर निगला था। फिलहाल, उसका अस्पताल में इलाज जारी है। सोमवार को संगरूर की एसएसपी रवजोत कौर ग्रेवाल ने कहा कि जग्गा सिंह ने रविवार को शाम करीब 4 बजे डीसी कार्यालय में कोई चीज खाई थी। एसएसपी ने कहा कि जग्गा सिंह के खिलाफ पहले से 9 एफआईआर दर्ज हैं। वह इनमें से 4 मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। इनमें एक्साइज और एनडीपीएस से जुड़े मामले शामिल हैं। 4 अन्य मामलों में उस पर मुकदमा चल रहा है। उस पर दुष्कर्म का भी एक मामला है। उन्होंने कहा कि 12 सितंबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें जग्गा सिंह ने पुलिस को धमकी दी थी कि अगर



उसके मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आत्महत्या कर लेगा। एसएसपी ने कहा कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को काम करने के लिए मजबूर करने या ब्लैकमेल करने के लिए आत्महत्या करना भी कानूनी जुर्म है। यह बीएनएस की धारा 226 के तहत आता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 12 सितंबर को ही मामला दर्ज किया गया था। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में पंचायत का कहना है कि जग्गा सिंह को राजनीतिक रूप से उकसाया जा रहा है। उनका कहना है कि गांव में ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को वह रोकता है। इस रंजिशबाजी में जग्गा सिंह को राजनीतिक रूप से उकसाया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि इस मामले से जुड़े तथ्य जांच का विषय हैं। उधर, जग्गा सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि घटना के बाद परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि रात के समय जगसीर सिंह की हालत बेहद खराब थी। हालांकि अब पहले के मुकाबले उनकी हालत में कुछ सुधार बताया जा रहा है। मनप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की गई और मारपीट भी की गई। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांग संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज करने की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को लेकर उनके परिवार की ओर से एक वीडियो भी बनाई गई थी, लेकिन बाद में उस वीडियो के कई हिस्सों को काट दिया गया। मनप्रीत कौर ने बताया कि इस मामले को लेकर सरपंच के साथ भी बातचीत हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बातचीत के दौरान उन्हें कार्रवाई करवाने और जेल भिजवाने की धमकी दी गई। मनप्रीत कौर ने कहा कि उनका खुद का ज्यादा बातचीत में शामिल होना नहीं हुआ, बल्कि उनके पति के मामले को लेकर परिवार की ओर से बातचीत की गई थी। उन्होंने दोहराया कि परिवार की मांग है कि मारपीट और कथित तौर पर की गई बदसलूकी के मामले में पुलिस कार्रवाई की जाए।

CMYK

page 8_Layout 1 21-09-2026 21:16 Page 1

ईपीएफओ ने वेतन सीमा बढ़ाने की घोषणा की

नियोक्ताओं और कर्मचारियों से सामाजिक सुरक्षा लाभ उठाने का आग्रह किया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश क्षेत्र ने आज ईपीएफओ कार्यालय, चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इसे श्री राजीव बिष्ट, अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (प्रभारी, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश क्षेत्र) ने ईपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संबोधित किया।

श्री राजीव बिष्ट ने अवगत कराया कि ईपीएफओ की वेतन सीमा ` 15,000 से बढ़ाकर ` 25,000 कर दी गई है, जो 17 सितंबर 2026 से प्रभावी है। इस कदम से अधिक पात्र कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आएँगे और भविष्य निधि, पेंशन तथा बीमा सहित ईपीएफओ के लाभों तक उनकी पहुँच बढ़ेगी। उन्होंने मीडिया को विश्वास 2026 योजना, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (जो रोज़गार सृजन और औपचारिक रोज़गार को बढ़ावा देती है), कर्मचारी नामांकन अभियान 2026 तथा एमनेस्टी 2026 के बारे में भी जानकारी दी। श्री राजीव बिष्ट ने यह भी अवगत कराया कि पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश क्षेत्र में 37,805 (29141 पंजाब में व 8664 हिमाचल प्रदेश में) अंशदायी प्रतिष्ठानों में कुल 15,95,991 अंशदायी सदस्य हैं, जिनमें से 5,87,322 सदस्य वर्तमान में ` 15,000 प्रति माह के वेतन पर अंशदान कर रहे हैं। वेतन सीमा में वृद्धि से इन 5,87,322 सदस्यों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। श्री राजीव बिष्ट ने नियोक्ताओं से आग्रह किया कि वे पात्र कर्मचारियों का समय पर पंजीकरण और नामांकन सुनिश्चित करें तथा उन्हें उनके अधिकारों और हकों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ इच्छित लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए सटीक जानकारी अत्यंत आवश्यक है, और जागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। पात्रता, नामांकन प्रक्रिया और योजनाओं से संबंधित मीडिया के प्रश्नों का उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया। अंत में श्री राजीव बिष्ट ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों से अपील की कि वे बढ़ी हुई वेतन सीमा तथा ईपीएफओ की अन्य योजनाओं का पूरा लाभ उठाएँ और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत बनाने में सहयोग करें।



छह महीने में पंजाब का नशा नेटवर्क ध्वस्त करने का दावा

तलवंडी साबो से बीजेपी की नशा मुक्त पंजाब यात्रा का चौथा चरण शुरू

डेली आवाज भारती

बठिंडा। बठिंडा के तलवंडी साबो से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' के चौथे चरण का शुभारंभ हुआ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तख्त श्री दमदमा साहिब में माथा टेकने के बाद जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पंजाब में भाजपा की सरकार बनने पर छह महीने के भीतर नशे के नेटवर्क और सप्लाई चेन को ध्वस्त करने का दावा किया। शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन की शुरुआत भाजपा के काम करने के दावे के साथ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लेते हुए कहा कि वह पंजाब के लोगों के लिए एक संदेश लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या की जड़ तक पहुंचकर यह पता लगाया जाएगा कि नशा कहां से आ रहा है और इसके पीछे कौन लोग तथा कौन सा नेटवर्क काम कर रहा है। उन्होंने नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चौहान के मुताबिक, नशे के कारोबार से अर्जित संपत्तियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के छह महीने के भीतर पूरे पंजाब में नशे की सप्लाई चेन और उसके नेटवर्क को खत्म करने का संकल्प लिया गया है। चौहान ने पंजाब में नशे की समस्या को युवाओं और परिवारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया और लोगों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की। भाजपा की ओर से चल रही यह यात्रा 18 सितंबर से शुरू हुई है और 30 सितंबर को जालंधर में इसका समापन प्रस्तावित है। चार अलग-अलग स्थानों से निकाली जा रही यात्राओं का उद्देश्य नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाना और इसे जन-अभियान का रूप देना बताया गया है।



श्री राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाई गई राधा अष्टमी

- बाल गोपाल लंगर समिति के सदस्यों ने सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर मनाई खुशी

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर के प्राचीन मंदिर में बीते दिन राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे और श्री राधा कृष्ण की पूजा-अर्चना करके माथा टेका तथा परिवार की सुख-शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर शहर की बाल गोपाल लंगर समिति द्वारा अपनी समाज सेवा के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में विशेष समारोह भी आयोजित किया गया और सभी सदस्यों ने केक काटकर खुशी मनाई। इस मौके पर नगर परिषद गुरुहरसहाय की अध्यक्ष सुष्मा रानी के सपुत्र बंटी भठेजा पहुंचे और केक काटने की रस्म अदा की। उन्होंने समिति के सदस्यों को 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस प्रयास की सराहना की। इस दौरान महिला सभा ने सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया एवं इस दौरान संगत के लिए लंगर लगाया गया और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बंटी भठेजा ने कहा कि धार्मिक त्योहार संगत को भक्ति से जोडऩे के साथ-साथ आपसी प्रेम, सद्भावना और सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं और साथ ही उन्होंने बाल गोपाल लंगर समिति द्वारा पिछले लंबे वर्षों से की जा रही निष्पक्ष सेवा को भी सराहनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भी धार्मिक कार्यक्रमों में सेवा करनी चाहिए, ताकि भगवान का आर्शीवाद हम सभी पर हमेशा बना रहे।



बाल गोपाल लंगर समिति के सदस्य सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर केक काटकर खुशी व्यक्त करते हुए।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों को बांटी जैविक खाद

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): स्वच्छता ही सेवा राज्य स्तरीय अभियान के तहत आज गुरु राम राय पब्लिक स्कूल कुराली में विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं कचरे के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर फलों एवं सब्जियों के छिलकों से तैयार की गई जैविक (ऑर्गेनिक) खाद विद्यार्थियों में वितरित की गई तथा उन्हें इसके पर्यावरण हितैषी लाभों की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि घरों में रोजाना निकलने वाले फलों एवं सब्जियों के छिलकों सहित अन्य गीले कचरे का उचित प्रबंधन करके उससे जैविक खाद तैयार की जा सकती है। इससे न केवल कचरे की मात्रा कम होती है, बल्कि तैयार खाद का उपयोग पौधों एवं बागवानी के लिए भी किया जा सकता है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने घरों में निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग रखने की आदत बनाएं तथा अपने परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

आया गौरजा दा लाल' गाने के शूट का हुआ मुहूर्त

आर.के. एंटरटेनमेंट म्यूजिक कंपनी की नई धार्मिक प्रस्तुति

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): आर.के. एंटरटेनमेंट म्यूजिक कंपनी की नई म्यूजिक प्रस्तुति 'आया गौरजा दा लाल' के शूट का मुहूर्त धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत रूप से किया गया। निर्माता राजकुमार छाबड़ा एवं सुशीला छाबड़ा की इस नई प्रस्तुति को लेकर संगीत प्रेमियों में उत्सुकता बनी हुई है। शूट के मुहूर्त अवसर पर निर्माता राजकुमार छाबड़ा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रोजेक्ट की शुरुआत की। गणेश जी की आराधना के साथ शुरू किए गए इस म्यूजिक प्रोजेक्ट में लोकप्रिय गायक अवी औजला अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। गीत के बोल सत्तू चहल ने लिखे हैं, जबकि संगीत जी. सोनू द्वारा तैयार किया गया है। गाने की वीडियो का निर्देशन राजेश शर्मा करेंगे, जबकि डी.ओ.पी. की जिम्मेदारी के.डी. सिने मास्टर संभालेंगे। मुहूर्त के दौरान प्रोजेक्ट से जुड़े कलाकारों एवं टीम सदस्यों ने इसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। पोस्टर में भगवान गणेश जी की आकर्षक झांकी के साथ गायक अवी औजला को पारंपरिक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि यह गीत धार्मिक एवं भक्ति भावनाओं से जुड़ी प्रस्तुति होगी। निर्माता राजकुमार छाबड़ा एवं सुशीला छाबड़ा ने बताया कि 'आया गौरजा दा लाल' को दर्शकों की आस्था और संगीत की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। टीम का प्रयास रहेगा कि गीत के साथ इसकी वीडियो प्रस्तुति भी आकर्षक और मनोरंजक हो। प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों ने बताया कि गीत के निर्माण में अनुभवी कलाकारों और तकनीकी टीम को जोड़ा गया है। इस अवसर पर बाली सिंह, नीरज शर्मा, मिठी एवं सुमित (यू.एस.ए.) का विशेष धन्यवाद किया गया। टीम ने उम्मीद जताई कि 'आया गौरजा दा लाल' रिलीज होने के बाद दर्शकों और संगीत प्रेमियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाएगा।



दरगाह हजरत मीरां गौंस पाक जी का 31वां मेला मनाया

युवा पीढ़ी को अपने धर्म से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए : राजन मेहता

डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) : दरबार दरगाह हजरत मीरां गौंस पाक ग्यारवीं वाली सरकार कोट खालसा झंडे वाली गली में गद्दी नशीन बाबा बब्लू शाह तथा हरि ओम जी की देखरेख में दरबार दरगाह हजरत मीरां गौंस पाक जी का वार्षिक मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें प्रसिद्ध कव्वालों ने बाबा जी की महिमा में कवालिया गाकर संगत को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर मां चिंतपूर्णी सेवक सभा के चेयरमैन राजन मेहता, अध्यक्ष हरदेव सिंह, कैशियर दीपक रामपाल तथा उनकी ने विशेष रूप से हाजरी भरी तथा बाबा जी का आशिर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि दरगाह हजरत मीरां गौंस पाक जी ग्यारवीं वाली सरकार जी हमें सबका सम्मान करना सिखाते थे, और सभी को आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म से विमुख हो रही है और नशाखोरी तथा अन्य असामाजिक बुराइयों का शिकार हो रही है, जिसके लिए युवा पीढ़ी को अपने धर्म से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राजन मेहता ने युवा पीढ़ी को नशे जैसे बुरे व्यसनों से दूर रहकर ईश्वर से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर बाबा बब्लू शाह जी ने चेयरमैन राजन मेहता , Hardev singh.दीपक रामपाल महासचिव विशाल अन्य अतिथियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर शर्मा, उप चेयरमैन मनजीत कालिया, उपाध्यक्ष राजू, उप कैशियर संदीप पाल, सचिव शुभम शर्मा, मीडिया सैक्रेटरी रोहित मेहता, ज्वाइंट सेक्रेटरी रजत शर्मा आदि मौजूद थे।एडवोकेट अरवीन भकना जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश कुमार वाल्मीकि जी, कुमार अमित जी, सतीश कुमार मोना जी, भाजपा नेता अश्विनी कुमार जी ने हजरी भरीं ने बाबा जी का आशीर्वाद लिया



दरबार दरगाह हजरत मीरां गौंस पाक जी के मेले में आए चेयरमैन राजन मेहता, दीपक रामपाल व अन्य अतिथियों का सम्मान करते हुए गद्दी नशीन बाबा बब्लू शाह जी व अन्य।

खुन्नी माजरा में बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 1.25 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत : परमिंदर सिंह गोल्डी

डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): हलका खरड़ के इंचार्ज एवं चेयरमैन, यूथ डेवलपमेंट बोर्ड पंजाब परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा हलके में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत की गई। इन विकास कार्यों पर कुल लगभग 1.25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके तहत खरड़ के वार्ड नंबर 14 में गूगामाड़ी रोड पर पेवर टाइलों की रिलेइंग के लिए 15.16 लाख रुपये, जबकि वार्ड नंबर 24 में सोढ़ी स्वीट्स की ओर जाने वाली गली तथा माया देवी, स्वर्णजीत कौर, भूपिंदर सिंह और कुमार आसी के घरों के पास वाली गली में इंटरलॉकिंग पेवर टाइलों एवं स्टार्म पाइप की रिलेइंग के लिए कुल 33 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा वार्ड नंबर 18 के गांव खुन्नी माजरा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की शुरुआत भी की गई। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 77 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनके लिए बेहतर खेल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए मान सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। खरड़ के गांव खुन्नी माजरा में बनने वाले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसमें खेल मैदान, ओपन जिम, बास्केटबॉल ग्राउंड, रनिंग एवं जॉगिंग ट्रैक, विभिन्न प्रकार के ओपन सिटिंग एरिया, अलग पार्किंग और पब्लिक टॉयलेट सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करना समय की जरूरत है और खुन्नी माजरा में बनने वाला आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स युवाओं को खेलों से जोड़ने में सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि हलका खरड़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है।इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया सहित नगर कौंसिल का कार्यालय स्टाफ, ब्लॉक समिति के चेयरमैन रघुबीर सिंह मोदी, गुरशरण सिंह (संगठन इंचार्ज), सुखविंदर सिंह बिट्टू (चेयरमैन मार्केट कमेटी खरड़), राम स्वरूप, जुझार सिंह (ब्लॉक प्रधान), मोहन सिंह, ए.एम.ई. जतिंदर सिंह, आर्किटेक्ट आशीष बंसल और हरमीत सिंह के अलावा पार्टी नेता, वालंटियर तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



एनएससी ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र आईटीआई क्लस्टर के लिए पीएम-सेतु (PM-SETU) के तहत 320 करोड़ मंजूर किए; जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड सात आईटीआई के आधुनिकीकरण में साझेदार बनेगा

डेली आवाज भारती

पीएम-सेतु के तहत 10 आईटीआई क्लस्टरों में कुल निवेश अब ` 2,491 करोड़ तक पहुँच गया है, जो देश भर में आधुनिक, उद्योग-आधारित और भविष्य के लिए तैयार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के निर्माण को आगे बढ़ा रहा है

आईटीआई के साथ उद्योग को करीब लाने से युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मजबूत रास्ते बनेंगे- श्री जयंत चौधरी

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की राष्ट्रीय संचालन समिति (एनएससी) ने प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (PM-SETU) योजना के तहत हरियाणा में कुरुक्षेत्र आईटीआई क्लस्टर के लिए ` 320 करोड़ की रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) को मंजूरी दे दी है। जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड इस क्लस्टर के लिए प्रमुख उद्योग भागीदार के रूप में हरियाणा सरकार के साथ साझेदारी करेगा। इस मंजूरी के साथ, पीएम-सेतु के तहत स्वीकृत कुल निवेश 10 आईटीआई क्लस्टरों में बढ़कर ` 2,491 करोड़ हो गया है, जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उद्योग-संचालित, भविष्य के लिए तैयार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने की सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है जो उभरती हुई कार्यबल आवश्यकताओं के अनुकूल हैं। यह मंजूरी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के उद्योग-नेतृत्व वाले परिवर्तन को मजबूत करने और अधिक मांग-संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयंत चौधरी ने कहा- ÷आईटीआई के साथ उद्योग को करीब लाने से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मजबूत रास्ते बनेंगे। पीएम-सेतु के तहत कुरुक्षेत्र क्लस्टर की मंजूरी कौशल विकास को अधिक प्रासंगिक, महत्वाकांक्षी और उद्योग की बदलती जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मजबूत उद्योग साझेदारियों के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि युवा भारत की विकास गाथा में सार्थक रूप से भाग लेने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और अवसरों से लैस हों। एक हब और छह स्पोक आईटीआई का होगा आधुनिकीकरण कुरुक्षेत्र क्लस्टर को पीएम-सेतु के तहत परिकल्पित हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा और इसमें सात सरकारी आईटीआई शामिल होंगे। सरकारी आईटीआई, कुरुक्षेत्र %हब आईटीआई% के रूप में कार्य करेगा, जबकि निम्नलिखित संस्थान %स्पोक आईटीआई% के रूप में कार्य करेंगे- राजकीय महिला आईटीआई, कुरुक्षेत्र राजकीय आईटीआई, कैथल राजकीय महिला आईटीआई, कैथल राजकीय आईटीआई, पेहोवा राजकीय आईटीआई, पबनावा राजकीय महिला आईटीआई, अंबाला सिटी यह ` 320 करोड़ का निवेश पूरे क्लस्टर में एक एकीकृत और उद्योग-अनुकूल स्किलिंग इकोसिस्टम के विकास में सहायता करेगा। प्रस्तावित पहलें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, प्रशिक्षण सुविधाओं के आधुनिकीकरण, उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रम शुरू करने और प्रशिक्षुओं के लिए रोजगार के परिणामों को बेहतर बनाने पर केंद्रित होंगी। पीएम-सेतु के तहत, उद्योग भागीदार करिकुलम डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने, ट्रेनिंग देने, फैकल्टी को शामिल करने, अप्रेंटिसशिप, उद्योग एक्सपोजर और प्लेसमेंट सहायता के माध्यम से आईटीआई के कायाकल्प को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यावसायिक प्रशिक्षण उभरती हुई तकनीकों और श्रम बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप बना रहे। प्रमुख उद्योग भागीदार के रूप में, जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड उद्योग संबंधों को मजबूत करने तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसरों तक छात्रों की पहुँच को बेहतर बनाने के लिए हरियाणा सरकार और भाग लेने वाले आईटीआई के साथ मिलकर काम करेगा। यह कंपनी पहले से ही ओडिशा के बारबिल आईटीआई क्लस्टर से जुड़ी हुई है, जहाँ पीएम-सेतु के तहत ` 240 करोड़ की रणनीतिक निवेश योजना को मंजूरी दी गई है। दोनों क्लस्टरों में इसकी भागीदारी उद्योग-नेतृत्व वाले कौशल परिवर्तन के इस योजना के दृष्टिकोण में बढ़ते उद्योग विश्वास को दर्शाती है। पीएम-सेतु भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उन्नत प्रयोगशालाओं और उपकरणों, उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रमों, उभरते क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत और मजबूत उद्योग साझेदारियों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और परिणामों को बढ़ाना है।

इस योजना का कुल परिव्यय ` 60,000 करोड़ है और इसमें देश भर में 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई को शामिल करते हुए, उद्योग-नेतृत्व वाले हब-एंड-स्पोक मॉडल के माध्यम से 1,000 सरकारी आईटीआई के आधुनिकीकरण की परिकल्पना की गई है। इसके अतिरिक्त, यह योजना पाँच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) की क्षमता में वृद्धि का प्रावधान करती है, जिसमें क्षेत्र-विशिष्ट राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (ट्रेनिंग-ऑफ-ट्रेनर) की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल है, जिससे एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार स्किलिंग इकोसिस्टम के निर्माण को बढ़ावा मिलता है।





CMYK